RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 254 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 23 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -3 पर
ईडी के कार्यवाही के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन...



नेशनल हाईवे 43 में पत्थलगांव से कुनकुरी के लिए होगा रिवाइज ....
पेज -8 पर

दिल्ली पहुंचे छत्तीसगढ़ के शिवसैनिक

# राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर बोले- मदरसों की फंडिंग बंद हो, ऐसा कानून लाएं देश में

रायपुर। रायपुर से शिवसेना के नेता दिल्ली पहुंचे। देश की राजधानी में धरना देकर शिवसैनिकों ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी दिय गया है। इस में जन संख्या कानून और धार्मिक स्थलों को मॉनिटर करने जैसे कानून देश में लागू किए जाने की मांग है।



शिवसेना के नेता धनंजय परिहार और सुनील कुकरेजा ने बताया कि शिवसेना हमेशा राष्ट्र के लिए चिंतक संगठन रहा है। पिछले कुछ वक्त से देश का धार्मिक माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी वजह से दिल्ली में धरना देकर देश के हित में कुछ जरूरी कानून लागू किए जाने की मांग शिवसेना की तरफ से की गई है।

## शिवसैनिकों की मांग

देश में जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाया जाए। जनसंख्या नियंत्रण कानून हमारे देश के सभी वर्गों के लिए लागू किया जाए। कानून के उल्लंघन होने पर उनके समस्त अधिकार छीन लिए जाएं जैसे पासपोर्ट, आधार, वोट अधिकार, बैंक लोन, सरकारी और प्राइवेट नौकरी से भी हटा दिया जाए।

जनसंख्या अनुपात में धार्मिक स्थल निर्माण अधिनियम बनाएं। प्राइवेट स्थलों का भी धार्मिक दुरुपयोग बंद हो। देश के मुस्लिम और हिंदू या अन्य धार्मिक स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

धार्मिक स्थल का दुरुपयोग देश की एकता विरोध में किए जाने पर स्थल की पूर्ण तालाबंदी के साथ ही संपत्ति जब्त की जाए। सभी धार्मिक स्थलों को एक रूप से देखा जाए मदरसों के मौलवियों को सरकारी मदद देना बदं हो, विदेशी फंडिंग भी बंद हो, दंगों में शामिल लोगों की नागरिकता खत्म हो, सरकारी मदद से उन्हें और उनके सारे घर को प्रतिबंधित किया जाए, उन्हें आजीवन कारावास दिया जाए।

# एक रुपये का भी हेरफेर साबित करके दिखाएं, सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लूंगा- डॉ. रमन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान सीएम भूपेश बघेल द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश जी, जोर-जोर से चिल्लाने, डायवर्ट करने से आपके कोयला घोटाले, अवैध शराब की कमाई के पाप छिप नहीं जाएंगे।

आपने मुझ पर और मेरे परिवार पर जो भी झूठे आरोप लगाए हैं, उसमें एक रुपये का भी हेरफेर साबित करके दिखाएं। अगस्ता, चिटफंड, नान सहित अन्य मामले में एक रुपये का प्रमाण आप इकट्ठा कर लें तो मैं डॉ. रमन सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लूंगा। लेकिन आप इसके लिए भी तैयार रहें। आईटी के बाद ईडी आता है। ईडी आया, ईडी आया, आपके मन में भय कायम है। सच्चाई तो जनता के सामने आएगी। इस तथ्य को आप छिपा नहीं सकते।



दरअसल, नेशनल हेराल्ड केस में ईडी द्वारा सोनिया गांधी से पूछताछ की जा रही है। कांग्रेस ने इसके विरोध में गुरुवार को राजधानी रायपुर में प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने डॉ. रमन सिंह पर नान, चिटफंड व पैनामा पेपर लीक पर निशाना साधा था। सीएम के आरोपों पर शुक्रवार को डॉ. रमन ने वीडियो जारी कर कहा कि ईडी ऑफिस के सामने आप और कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रह थे। आश्चर्य होता है कि कोई कानून से ऊपर कैसे हो सकता है? सोनिया गांधी हो या राहुल गांधी, अपराध किया है तो पूछताछ होगी। डॉ. रमन ने कहा कि पूछताछ में बड़ा सामान्य सा प्रश्न है, जिसका जवाब उनको नोटिस में देना था। नेशनल हेराल्ड की प्रापर्टी कैसे यूथ इंडिया कंपनी में ट्रांसफर हुई और प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कैसे बन गई। 50 लाख में करोड़ों रुपये के शेयर कैसे ट्रांसफर हो गए। आज यूथ इंडिया कंपनी के सिर्फ 2 शेयर होल्डर जीवित हैं, जो सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। बाकी दो सदस्य मोतीलाल वोरा और फर्नांडीज जी नहीं रहे।

## एक नजर

### दो बेटियों के साथ नदी में कूदी मां

**फिर खुद निकल कर घर आ गई; एक बच्ची का मिला शव, दूसरी की तलाश जारी**




**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दो दिन पहले लापता हुईं सगी बहनों में से एक का शव शुक्रवार को मिल गया है। जबकि दूसरी बच्ची की तलाश की जा रही है। दोनों बहने बुधवार रात अपनी मानसिक रोगी मां के साथ सो रही थीं। अगले दिन सुबह परिजन उठे तो दोनों बच्चियां गायब थी। ग्रामीणों और परिजनों की मदद से पूछताछ में महिला ने बताया कि वह खुदकुशी करने के लिए गई थी। नदी में कूदने के बाद डर गई तो घर आकर सो गई थी। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है। पचपेड़ी क्षेत्र के आमगांव सकेत में रहने वाले गौतम निषाद किसान हैं। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी आरवी निषाद (4) और छोटी बेटी अनिका (2) की है। बुधवार रात दोनों घर में अपनी मां के साथ सो रही थीं। गुरुवार की सुबह होने पर पता चला कि दोनों बच्चियां घर से गायब हैं। काफी तलाश करने के बाद भी बच्चियों का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जांच में सामने आया कि तड़के उनकी मां संदिग्ध हालत में घर लौटी और सो गई थी।

# मुख्यमंत्री से कोरवा समाज के शिक्षित युवाओं ने की सौजन्य मुलाकात

विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की घोषणा के लिए जताया आभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में सरगुजा संभाग के बलरामपुर, लुंड्रा और सीतापुर क्षेत्र से आए कोरवा समाज के शिक्षित युवाओं ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की घोषणा किये जाने पर मुख्यमंत्री श्री बघेल का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत अपने जशपुर प्रवास में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के शिक्षित युवाओं को पात्रतानुसार तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं के बेहतर भविष्य को ध्यान में रखकर हमने तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर पात्र युवाओं की सीधी भर्ती करने का फैसला लिया है ताकि विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को भी उनकी योग्यतानुसार रोजगार के अवसर मिल सकें। युवाओं ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को अपनी मांगों के सम्बंध में ज्ञापन भी सौंपा। उस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव श्री चंद्रदेव राय, विधायक डॉ. प्रीतम राम व सन्त कुमार नेताम तथा कोरवा समाज से श्री धीरन राम, श्री दीपक कोरवा, श्री परसू राम, श्री देवानन्द, श्री अमित, श्री रामचन्द्र सहित अनेक युवा उपस्थित रहे।

# देख तेरे सड़कों की हालत क्या हो गया भूपेश सरकार, कितना बदल गया सड़कों का हाल

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

रायगढ़ जिले की सड़कों का हाल इतने बेहाल कि लोगों को पूराने जमाने का एक गाना याद आ गया "देख तेरे संसार का हालत क्या हो गया भगवान, कितना बदल गया इंसान" आज जिलेवासी गा रहे "देख तेरे सड़कों का हालत क्या हो गया भूपेश सरकार, कितना बदल गया सड़कों का हाल" सड़कों का हाल इतना खराब है कि लोगों को बताने में भी शर्म आती है। कि मैं रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ का हूं। सड़क पर चलना यानि अपनी जान को जोखिम में डालना, आज सबसे ज्यादा खरसिया रोड का हाल बूरा है इस सड़क पर चलने वालों को हमेशा डर सताते रहता है कि कहीं कुछ घटना तो न हो जाये। क्योंकि पता नहीं चलता सड़क में गड्ढे है या फिर गड्ढे में सड़क इस सड़क से सबसे अधिक स्कूली बच्चे पढ़ाई करने आते हैं। स्कूल आते आते बच्चों का ड्रेस किचड़ से बूरा हाल हो जाता और दूसरी ओर पालकों को डर बना रहता है कि हमारे बच्चे पढ़ाई करके सही सलामत घर आ जाये, कोई अनहोनी घटना न हो जाये। लेकिन शर्म सिर्फ जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं आता जिसका नतीजा है कि आज लोगों को अपनी जान की बाजी लगाकर नगर की सड़कों से आना जाना करना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में धूल धक्कड़ से परेशान जनता अब गड्ढे और कीचड़ से ज्यादा परेशान हो रहे हैं। बरसात शुरू होते ही शासन-प्रशासन की पोल खुलने लगी है। धरमजयगढ़ के चारों ओर की सड़कों की हालत बहुत खराब है। लेकिन नगरीय क्षेत्र में सड़कों की हालत और बदतर हो गई है। जबकि सावन लगने के बाद भी बारिश कम ही हुई है। नहीं तो हालत और भी खराब हो जाता। नगर के व्यस्त मार्ग गांधी चौक से पीपरमार चौक होते हुए कालोनी तक की सड़क यहां के विकास को आइना दिखा रही है। इस मार्ग में इतना पानी भरा हुआ है कि गड्ढे की गहराई का पता नहीं चलता। एक मकान मालिक तो निजी मजदूर लगाकर सड़क में बने गड्ढों से भरे पानी को निकालने की कोशिश करते दिखाई दिया। जिस मार्ग से हजारों स्कूली बच्चे प्रतिदिन आना जाना करते हैं। वहीं कन्या हाई स्कूल की मुख्य गेट के सामने तो छोटा सा तालाब बन गया है। जिसमें भरे पानी से भीग कर छात्रा एवं शिक्षक स्कूल जाते हैं। वहीं उस मोहल्ले के लोग भी उसी छोटे तालाब से होकर गुजरते हैं। लेकिन नगर प्रशासन की नजर इस तालाबनुमा गड्ढे पर नहीं पड़ी है या देखकर भी आंख बंद कर लिया है। अगर क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई तो धरमजयगढ़ की जनता को कालापानी की सजा भुगतनी पड़ेगी। क्योंकि अभी भी धरमजयगढ़ से गुजरने वाली कई बसों ने अपना रास्ता बदल दिया है। जिससे साफ - साफ कहा जा सकता है कि धरमजयगढ़ क्षेत्र में रोड की क्या स्थिति है। खैर ठीक है जनता भी परेशान होकर चुप है। क्योंकि जान चुकी है सरकार के पास विकास के लिए सिर्फ खोखले वादे हैं। लेकिन नगर सरकार को कम से कम इन गड्ढों को पाटने का कुछ उपाय करना चाहिए।

# नहीं संभाला कुनबा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस में हुई सेंधमारी, 2 कांग्रेसी विधायकों ने दिया द्रौपदी मुर्मू को वोट

**रायपुर।** राष्ट्रपति चुनाव में छत्तीसगढ़ कांग्रेस में भी सेंधमारी हुई है। द्रौपदी मुर्मू को छत्तीसगढ़ में 21 वोट मिले हैं। भाजपा के 14 वोट एनडीए के पास थे। बसपा के 2 और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ के 3 विधायकों ने मुर्मू को समर्थन देने का ऐलान किया था। सभी को मिलाकर कुल 19 वोट होते हैं, लेकिन द्रौपदी मुर्मू को 21 वोट मिले। जाहिर है कांग्रेस खेमे में सेंधमारी हुई है। राष्ट्रपति चुनाव के आए नतीजे के अनुसार छत्तीसगढ़ से 21 विधायकों ने एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को वोट दिया। 69 वोट विपक्षी दल के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा के खाते में गए। छत्तीसगढ़ में कुल 90 विधायकों ने वोट दिए थे। राष्ट्रपति चुनाव के फार्मूले के मुताबिक छत्तीसगढ़ के एक विधायक के वोट का मूल्य 129 है। यूपीए उम्मीदवार को छत्तीसगढ़ से 9,159 वोट मिलना था, लेकिन कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी यशवंत सिन्हा को 8,901 वोट मिले यानी 69 विधायकों का समर्थन मिला। वहीं यूपीए उम्मीदवार को 2,451 वोट मिलना था।



खाद की कमी पर बवाल

# सहकारी समिति के दफ्तर में ताला लगाने पहुंचे भाजपाई, पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की




**रायपुर।** रायपुर में भाजपा किसान मोर्चा के नेताओं और पुलिस के बीच विवाद के हालात बन गए। प्रदेश में रासायनिक खाद की कमी का दावा करते हुए भाजपा नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी नेताओं कहा कि जब समिति से खाद ही नहीं दी जा रही तो इन्हें खुला रखने का क्या फायदा। प्रदेश के किसानों को त्रस्त करने का आरोप लगाते हुए भाजपा किसान मोर्चा ने दफ्तर में ताला लगाने की कोशिश की। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस भाजपा नेताओं को अपने साथ गिरफ्तार कर ले गई। देर शाम इन्हें छोड़ दिया गया।

रायपुर ज़िला भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी दतरेंगा तथा सेजबहार सोसाइटी का घेराव करने पहुंचे थे। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी शंकर श्रीवास ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा मांग के हिसाब से डेढ़ गुना आपूर्ति की गयी, मगर किसानों को खाद नहीं दी जा रही। व्यापारियों के गोदाम खाद से भरे पड़े हैं, जिसके चलते बढ़ी कीमत में खाद बाज़ार में मिल रही है।

## बिजली को लेकर भी प्रदर्शन किया गया

*रायपुर में भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को बिजली दफ्तर में भी प्रदर्शन किया। अघोषित बिजली कटौती के आरोप लगाकर भाजपा नेता ज़िला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरनी के साथ बिजली दफ़्तर पहुंचे। यहां आपत्ति दर्ज कराते हुए ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी गई। भाजपा नेताओं ने विद्युत विभाग के ईई से मुलाकात की। अफसरों ने अव्यवस्था दूर करने का आश्वासन दिया।*



शिक्षा..

सीबीएसई 12वीं के नतीजों में छत्तीसगढ़ की बेटियों का कमाल

# शुभी शर्मा को 99.4% मार्क्स, शांभवी को 99 प्रतिशत अंक

रायपुर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार लड़कियों ने बाजी मारी है। छत्तीसगढ़ में भी बेटियों ने कमाल किया है। यहां बिलासपुर की शुभी शर्मा ने 99.4 प्रतिशत, रायपुर की शांभवी शर्मा ने 99 प्रतिशत और पाखी दुबे ने 98.6प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।



रायपुर में सबसे ज्यादा अंक शांभवी शर्मा को मिले हैं, वो केपीएस रायपुर की छात्रा हैं। इन बच्चों ने बताया है कि जरूरी नहीं है कि आप काफी घंटे तक सब कुछ पढ़ते रहें, अच्छे नंबर के लिए सबसे जरूरी है कि आप खुद को मोटिवेट रखें, सेल्फ स्टडी करते रहें। इससे सब कुछ पॉसिबिल हो सकता है।

स्टूडेंट अपने परिणाम CBSE की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। इस बार 12वीं में कुल 92.71 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। छत्तीसगढ़ में भी कई बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्हीं में से कुछ बच्चों से दैनिक भास्कर ने भी बातचीत की है।

शुभी शर्मा बिलासपुर के दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने 500 में से 497 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने आर्ट्स सब्जेक्ट में यह उपलब्धि हासिल है। शुभी हमेशा से ही एक बेहतरीन स्टूडेंट रही हैं। उन्होंने 10वीं में भी 98.3 अंक हासिल किया था। अब 12वीं में भी उन्हें 99.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। शुभी शर्मा के पिता SECL में CVO हैं। शुभी ने बताया कि रोज पढ़ना जरूरी है। मैंने घंटे तो काउंट नहीं किए हैं। पिछले साल के प्रश्न बैंक को खत्म किया,NCERT से पढ़ाई की। शुभी ने बताया कि सीबीएसई में सबसे जरूरी है NCERT। इसके माध्यम से ही मुझे सफलता मिली है। आगे जाकर शुभी ऑफिसर बनना चाहती हैं। उन्होंने अभी से तैयारी भी शुरू कर दी है। आगे की पढ़ाई के ले वह दिल्ली यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने वाली हैं। शुभी ने यह भी बताया कि उनकी मां भी वर्किंग थीं, लेकिन उनकी पढ़ाई की वजह से उन्होंने पिछले एक साल से ब्रेक ले रखा है।

## पापा से मिला CA बनने का मोटिवेशन

पाखी दुबे रायपुर दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने कॉमर्स सब्जेक्ट में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी छोटी बहन पीहू दुबे ने भी 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। पीहू भी कॉमर्स की छात्रा हैं। पाखी ने बताया कि वह आगे जाकर CA बनना चाहती हैं। पाप भी CA हैं, इसलिए उनसे ही मोटिवेशन मिला है।

# आदिवासी समुदाय और सपने देखने वाली महिलाओं की प्रतिनिधि

जब किसी परिवार, मोहल्ले या गांव की पहली महिला शिक्षा की ओर कदम बढ़ाती है तब जिन मुश्किलों का सामना उसे करना होता है उसका अंदाज़ लगाना भी मुश्किल है। वहीं जब अपने गांव की पहली कॉलेज जाने वाली महिला देश की पहली महिला बनने जा रही हो तो सम्मान केवल उस महिला का ही नहीं बढ़ता बल्कि उन तमाम महिलाओं का भी सम्मान बढ़ता है जो सपने देखती हैं और उसे पूरा करने के लिए हर बाधा, हर विरोध का सामना करती हैं।

द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। एक आदिवासी महिला के लिए यह सफ़र तय करना आसान नहीं रहा होगा। इसका अंदाज़ केवल इसी बात से लगाया जा सकता है आज़ादी के 74 साल बीतने के बावजूद मुर्मू पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं।



> द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। एक आदिवासी महिला के लिए यह सफ़र तय करना आसान नहीं रहा होगा। इसका अंदाज़ केवल इस बात से लगाया जा सकता है आज़ादी के 74 साल बीतने के बावजूद मुर्मू पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं।

### चुनौतीपूर्ण रहा है द्रौपदी मुर्मू का जीवन

राष्ट्रपति द्रौपदी का सफ़र बताता है कि क्लर्क की नौकरी करते हुए 1997 में उन्होंने नगर पंचायत का चुनाव लड़कर और जीतकर अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। इससे यह तो जरुर साफ़ होता है कि अपने लंबे करियर में उनका ज़मीन से जुड़ाव रहा है।

ओड़िसा में राज्पाल रहते हुए उन्होंने औद्योगिक इस्तेमाल के लिए ज़मीन के हस्तांतरण संबंधी विधेयक को करीब एक साल तक रोके रखा। ये कुछ बातें हमें उम्मीद दिलाते हैं कि द्रौपदी के राष्ट्रपति बनने से कम से कम आदिवासियों और महिलाओं के मुद्दे नज़र तो आएंगे। जो आदिवासी समाज सदियों से अलग-थलग रहा है उसके मुद्दे और समस्याएं समझना और उसके समाधान की ओर कदम बढ़ाना बहुत जरूरी है।

बिहार के कुछ इलाकों में अध्ययन के दौरान आदिवासी समुदाय को करीब से देखने का अवसर मिला। 2011 की जनगणना को मानें तो इनकी आबादी 13 लाख से ऊपर है। अगली जनगणना में इसमें बढ़ोतरी ही होगी लेकिन दुख की बात यह है कि इनके विकास पर सरकार का रवैया थोड़ा उदासीन रहा है। शायद किसी भी पार्टी के लिए ये वोट बैंक नहीं बन पा रहे इसलिए इनके मुद्दे अनसूने रह जाते हैं।

### आदिवासी समाज की कठिनाइयां

कृषि और जंगल, आदिवासी समाज के जीवन-यापन के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन इसमें कई तरह की कठिनाइयां आ रही हैं। कृषि के लिए ज़मीन की कमी, पारंपरिक तरीके से खेती, सिंचाई के साधनों की कमी और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता ने कृषि कार्य को पहले ही मुश्किल बना दिया है। उसपर जंगलों के कटने से इनका जीवन-यापन और भी ज्यादा मुश्किल हो गया है।

समुदाय के ज्यादातर लोग काम की तलाश में दूसरे शहर या राज्य में पलायन कर रहे हैं। कोरोना काल में इनकी हालत और भी ज्यादा ख़राब हो गई, इसके बावजूद ये हमेशा उपेक्षित ही रहे।

आज जब देश की कुल साक्षरता दर 73 प्रतिशत है (जो अभी भी बहुत कम है) आदिवासियों की साक्षरता दर केवल 59 प्रतिशत ही है।

आदिवासी समुदाय शुरुआत से ही मुख्य आबादी से अलग-थलग रहा है, लेकिन अब जब यह समाज मुख्यधारा में आना चाहता है तो इसे अनगिनत बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे समझने की जरूरत है। इनके गांव में न तो सड़कें हैं, न यातायात की सुविधा।

दूसरी ओर आदिवासियों की समृद्ध संस्कृति भी क्षीण होती जा रही है। पलायन, अन्य जातियों से जुड़ाव और तकनीकी विकास ने आदवासी युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति उदासीनता भर दी है जिससे उनकी अपनी पहचान खत्म हो रही है। उनकी कला को फिर से समृद्ध करने की जरूरत है, जो देश की धरोहर है। आदिवासियों ने जिस तरह से प्रकृति से प्रेम किया है उससे हर किसी को सीख लेने की जरूरत है। आज जब देश की कुल साक्षरता दर 73 प्रतिशत है (जो अभी भी बहुत कम है) आदिवासियों की साक्षरता दर केवल 59 प्रतिशत ही है। उसमें भी जब महिलाओं की बात आती है तो आदिवासी पुरुषों के 69 प्रतिशत साक्षरता दर के मुकाबले आदिवासी महिलाओं की साक्षरता दर केवल 49 प्रतिशत ही है। जैसे-जैसे उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते हैं यह अंतर बढ़ता ही जाता है।

### आदिवासी समुदाय का पिछड़ापन

जागरूकता का अभाव और साथ में शिक्षण संस्थाओं की कमी के कारण यह समाज आज तक पिछड़ा हुआ है। कृषि कार्य हो या फिर मजदूरी का काम यहां महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से हमेशा से अधिक रही है लेकिन उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। आदिवासी गांवों में स्वास्थ्य व्यवस्था और गंदगी एक चिंता का विषय रहा है।

सुनीता मिनी

## संपादकीय

### जेएमएम के ठेंगे पर कांग्रेस

झारखंड में कांग्रेस पार्टी के समर्थन से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चल रही है। कांग्रेस के 18 विधायकों के समर्थन से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने हैं। लेकिन हेमंत कांग्रेस पार्टी को दो कौड़ी का भाव देते हैं। वे किसी भी मसले पर कांग्रेस की परवाह नहीं करते हैं और इसके बावजूद कांग्रेस कुछ नहीं कर पाती है। हाल के दो मामलों में जेएमएम ने कांग्रेस को ठेंगा दिखाया। राज्यसभा चुनाव में इस बार एक सीट पर कांग्रेस की दावेदारी थी। पिछली बार शिबू सोरेन राज्यसभा गए थे तो इस बार कांग्रेस को सीट मिलनी थी। तभी खुद सोनिया गांधी ने बुला कर हेमंत सोरेन से बात की लेकिन हेमंत ने इस बार भी अपना उम्मीदवार उतारा और महुआ माझी को राज्यसभा भेज दिया। दूसरा मामला राष्ट्रपति चुनाव का है। कांग्रेस और समूचे विपक्ष ने झारखंड के ही नेता यशवंत सिन्हा को उम्मीदवार बनाया लेकिन हेमंत ने उनका समर्थन करने की बजाय दिल्ली आकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन कर दिया। यह फालतू का तर्क है कि द्रौपदी मुर्मू आदिवासी हैं इसलिए हेमंत ने उनका साथ दिया। इससे पहले 2012 में भी आदिवासी नेता पीए संगमा चुनाव लड़े थे और उस समय हेमंत एनडीए में भी थे लेकिन उन्होंने संगमा की बजाय यूपीए के उम्मीदवार प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था। सो, राज्यसभा और राष्ट्रपति चुनाव में जेएमएम ने कांग्रेस को ठेंगा दिखाया। राज्यसभा चुनाव में तो पार्टी की सर्वोच्च नेता का अपमान किया। इसके बावजूद कांग्रेस की मजबूरी है जेएमएम के साथ रहने की। अगर कांग्रेस समर्थन वापस करे तो सरकार गिर जाएगी।

# बीते आठ दशकों में पूरी दुनिया में अब तक लगभग 350 नए रोग सामने आए

पिछले 14 जुलाई को केरल में मंकीपॉक्स का मरीज मिला। यह देश में मंकीपॉक्स का पहला मामला था। कुछ दिनों बाद वहीं दूसरा मरीज भी मिला। इससे पहले आज तक कभी भारत में मंकीपॉक्स का विषाणु या मरीज नहीं मिला था। लेकिन मंकीपॉक्स के मरीज मिलने को देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आश्चर्य या बड़ी चिंता के रूप में नहीं देख रहे।

दरअसल, नई बीमारियों और विशेष रूप से जूनोटिक रोगों (जो जानवरों से इंसानों में फैलती हैं) का उभरना अब आम होता जा रहा है। पिछले आठ दशकों में पूरी दुनिया में लगभग 350 नए रोग सामने आए हैं, और उनमें से दो-तिहाई बीमारियां जानवरों से इंसानों में फैलने वाली रही हैं। सार्स (2002-04), स्वाइन फ्लू एच1एन1 (2009-10), जीका और अब कोविड इसके कुछ उदाहरण हैं। इन बीमारियों के उभरने के पीछे तेजी से पर्यावरण का नुकसान, वनों की कटाई और जंगलों में मानव हस्तक्षेप, बढ़ता वैश्विक तापमान (जो रोगाणुओं को नई परिस्थितियों में अनुकूलन में मदद करता है), तेज और अनियोजित शहरीकरण एवं घनी बस्तियां, रोगाणु रोधी दवाओं का अंधाधुंध उपयोग-विशेष रूप से पोल्ट्री फार्म और कृषि उद्योग में, और वन्यजीव व्यापार में वृद्धि जैसे कई कारण हैं।



कोविड जैसा खतरनाक नहीं मंकीपॉक्स

> दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में पाए गए कई अन्य वायरसों की तरह भारत में मंकीपॉक्स का पहला मामला भी केरल में ही सामने आया है। दरअसल यह केरल में रोग निगरानी प्रणाली के मजबूत होने को इंगित करता है, जो दुर्लभ संचरण का भी पता लगाने के लिए पर्याप्त

मंकीपॉक्स प्रकोप के बीच हाल ही में घाना में मारबर्ग वायरस के फैलने की सूचना मिली है। इस साल की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में रेस्पिरेटरी सिंसेसिअल विषाणु तेजी से फैला है। भारत में भी पिछले कुछ वर्षों में जीका, निपाह और क्रीमियन कांगो हेमोरेजिक बुखार के वायरस पाए गए हैं। जून के महीने में आए एक वैज्ञानिक अध्ययन में बताया गया है कि जीका वायरस, जिसका कुछ साल पहले तक हमने नाम भी नहीं सुना था, अब आठ भारतीय राज्यों में फैल गया है। पिछले 11 सप्ताह में मंकीपॉक्स तेजी से फैला है। इसके करीब 13,000 मरीज लगभग 65 देशों में मिले हैं। कोविड महामारी के अनुभव की वजह से लोग चिंतित हैं कि कहीं मंकीपॉक्स एक महामारी और बड़ी समस्या तो नहीं बन जाएगा? लेकिन वैज्ञानिक कारणों पर ध्यान दें, तो ऐसा होने की आशंका बहुत कम है। आश्वस्ति के मुख्य कारण ये हैं कि जहां कोविड सांस से जुड़ा वायरस है और छींकने या खांसने से निकले कणों और बूंदों, दोनों के माध्यम से फैलता है, वहीं मंकीपॉक्स वायरस के प्रसार के लिए प्रभावित व्यक्ति के साथ, सीधे त्वचा से त्वचा का संपर्क होना जरूरी है।

फिर कोविड में जहां बिना लक्षण वाला व्यक्ति भी दूसरे को संक्रमित कर सकता है; वहीं मंकीपॉक्स में लक्षणों वाले व्यक्ति से ही दूसरे व्यक्ति में संक्रमण फैल सकता है। इसलिए मंकीपॉक्स संचरण को आसानी से पहचाना जा सकता है और उसके रोकथाम के उपाय किए जा सकते हैं। इसके अलावा, मंकीपॉक्स तुलनात्मक रूप से एक स्थिर वायरस है, जिसमें बहुत धीमी गति से उत्परिवर्तन होता है। कोविड महामारी में कई चुनौतियां रहीं, लेकिन इसके चलते लगभग सभी देशों में रोग निगरानी प्रणाली और प्रयोगशाला क्षमता बढ़ी है।

यही वजह है कि कई देश मंकीपॉक्स के संक्रमण का पता लगा सके। भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी मई, 2022 तक मंकीपॉक्स रोग का पता लगाने और उसके प्रबंधन पर दिशानिर्देश जारी कर दिया था। अगर व्यक्तिगत स्तर पर बात करें, तो मंकीपॉक्स काफी हद तक एक आत्म-सीमित बीमारी है और लोग बिना किसी इलाज के ठीक हो जाते हैं।

चंद्रकांत लहारिया

## मिला जुला

# ग्रामीणों के लिए लाभकारी रहा बनरांका का जनचौपाल शिविर

### राजस्व विभाग ने 30 किसानों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आज शुक्रवार को विकासखण्ड साजा के ग्राम बनरांका में अनुविभाग स्तरीय जनचौपाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व पुस्तक परिपत्र आर बी सी 6.4 के तहत 8 हितग्राहियों को एक लाख 16 हजार 300 रुपये की सहायता राशि रुपये का चेक वितरित किया गया।




शिविर में मांग एवं शिकायत के कुल 57 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 38 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 30 किसानों को किसान किताब ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। बैंक में प्रस्तुत करने चार लोगों को सी फ र्म का वितरण किया गया और आय, जाति एवं निवास के 18 प्रमाण पत्र बनाया गया। 10 किसानों का नामांतरण शिविर में किया गया। शिविर के दौरान बनरांका में वर्षा भी हुई इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति कायम रही। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आम जनता से रु.ब.रु होकर उनकी फरियाद सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में दूर दराज के ग्रामीण अपने आवेदन एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ी में कहा कि आम जनता की भलाई के लिए शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। आम नागरिक इसका लाभ तभी उठा सकते है जब सरकारी योजनाओं की जानकारी हो ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार आ सके। जनचौपाल शिविर के माध्यम से ऐसे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिलेगी। दूर-दराज क्षेत्र के लोगों को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय आना पड़ता है उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर यह शिविर लगाया गया है। शिविर में गौठान से जुड़े महिला स्व.सहायता समूह जिसमें ठेलका, देउरगांव, तेन्दुभाठा, मौहाभाठा, भटगांव, सोनचिरईया, बनियाडीह को चारा विकास योजना अन्तर्गत गौठान चारागाह में चारा उत्पादन करने हेतु 2020 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा एक हजार नग फलदार पौधे नि:शुल्क वितरित किए गये इनमें कटहल, अमरुद, नीबू, सीताफ ल एवं मुनगा शामिल है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क उपचार एवं दवा का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा धनराज मरकामए कार्यपालन अभियंता आरईएस जीवन लाल मरई ध्रुव,डीईओ अरविन्द मिश्रा, श्रम अधिकारी एनके साहू, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन चंद्रशेखर शिवहरे, उप संचालक समाज कल्याण अजय गेडाम, कार्यपालन अभियंता विद्युत साजा दिलीप कुमार रात्रे, सहायक संचालक मछली पालन यवन डिंडोरे, सहायक संचालक उद्यान हितेन्द्र मेश्राम, जनपद पंचायत सीईओ कांति ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जागेश पटेल, तहसीलदार थान खम्हरिया हेमंत पैंकरा एवं नायब तहसीलदार, सरपंच बनरांका चंदन सिंह वर्मा सहित जिला स्तर के अधिकारी एवं आस पास के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कोविड वैक्सीनेशन ड्राइव में दो दिनों में 20 हजार से ज्यादा लोगों को लगी वैक्सीन

### 30 सितंबर तक नि :शुल्क लगेगा प्रीकॉशन डोज

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिले में चल रहे कोविड वैक्सीनेशन ड्राइव में दो दिनों में 20 हजार 392 लोगों ने टीकाकरण करवाया। सुरक्षा का टीका लगाने वैक्सीनेशन दल गांव-गांव घूम कर लोगों के घर तक पहुंचकर टीके लगा रहे हैं। सड़क हो या चौराहा, मकान हो या दुकान, टीकाकरण दल पूरी मेहनत के साथ गांव घर पहुंच कर टीका लगा रहे हैं। 21 जुलाई से जारी अभियान में पहले दिन 14 हजार 223 ने कोविड 19 के टीके लगवाएं वहीं आज अभियान के दूसरे दिन दोपहर तक 7 हजार से ज्यादा लोगों ने सुरक्षा का टीका लगवाया। टीकाकरण दलों द्वारा पात्रता अनुसार प्रथम तथा द्वितीय डोज के टीके के साथ प्रीकॉशन डोज लगाए जा रहे हैं। टीके लगवाने वालों में सर्वाधिक संख्या प्रीकॉशन डोज लेने वालों की है। वैक्सिनेशन हेतु पात्रता रखने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाए गए टीकाकरण केंद्रों में भी जाकर टीके लगवा सकते हैं।



**सुरक्षा का टीका लगाने वैक्सीनेशन दल पहुंच रहे गांव घर तक, टीकाकरण केंद्रों में भी लगवा सकते हैं टीका**



#### 30 सितंबर तक लगेगा नि :शुल्क प्रीकॉशन डोज

कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार जिले में 18 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के सभी लाभार्थीयों का प्रीकॉशन डोज का टीकाकरण सभी सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों में नि:शुल्क प्रारंभ किया गया है। लाभार्थी कोविड-19 टीकाकरण के द्वितीय डोज लेने के 06 माह या 26 सप्ताह पूर्ण होने पर ही प्रिकॉशन डोज हेतु पात्र होंगे। यह अभियान 30 सितम्बर 2022 कुल 75 दिनों तक चलाया जायेगा। इसका लाभ जरूर उठायें।

#### वैक्सिनेशन के आंकड़े

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार टीकाकरण महाभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 19 हजार 739 तथा 15-17 आयु वर्ग के लोगों ने 252 टीके लगवाए हैं। विकासखण्ड बैकुण्ठपुर में कुल 2 हजार 410, विकासखण्ड खड़गवां में 4 हजार 597, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ 5 हजार 380, विकासखण्ड भरतपुर में 2 हजार 547, विकासखण्ड सोनहत में 3 हजार 891 तथा चिरमिरी में 1 हजार 567 ने सुरक्षा का टीका लगवाया।

# तालाब के गहरे पानी में डूबकर पोता-पोती सहित दादी की हुई मौत

**कोरबा** । मासूम पोता-पोती समेत दादी का शव तालाब में संदिग्ध परिस्थिति में मिला है। यह अचानक हुई दुर्घटना है या फिर मामला कुछ और है, इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र करतला में यह घटना गुरुवार की सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। यहां निवासरत बेलाल कंवर 55 वर्ष अपने पुत्र विजेंद्र सिं हव बहू के साथ खेत में काम करने चला गया था। उसकी पत्नी सुरूज बाई कंवर 50 सालए पोती जानवी आठ वर्ष, पोता अखिल पांच वर्ष घर पर थे। सुबह करीब 9: 30 बजे सुरूज बाई भी पोता-पोती को लेकर जंगल की तरफ पुटू तोड़ने चली गई। गांव के निवासी ननकी राठिया तालाब पहुंचा, तब उसे पानी में सुरूज बाई व उसके पोता-पोती का शव दिखाई दिया। इसकी जानकारी उसने समीप ही खेत में काम कर रहे देवेंद्र राठिया को दी। बाद में इस घटना की सूचना करतला थाना में दी गई। जानकरी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई। इधर सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक विनोद खांडे टीम के साथ स्थल पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया। पंचनामा व अन्य वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को तालाब के समीप ही एक लाल रंग के झोले में पुटू मिला है। तीनों की मौत कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। करतला थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पुटू तोड़ने के बाद तीनों हाथ पैर थाने से लगे तालाब में गए होंगे और इस बीच कोई एक पानी में डूबने लगा, तब उसे बचाने के चक्कर में तीनों एक एक कर पानी में डूब गए होंगे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशीलता से बेटी की पढ़ाई की चिंता हुई दूर

### बेटी खुशी की पढ़ाई के लिए मिला 5 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग, मुख्यमंत्री के प्रति पिता ने किया आभार व्यक्त

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत जिला प्रवास के दौरान मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नई लेदरी में विभिन्न समाज एवं संगठनों के पदाधिकारी सहित जनसामान्य से मुलाकात के दौरान मेडिकल की छात्रा खुशी मेघानी को अध्ययन के लिए शासन की ओर से पांच लाख रूपए स्वीकृत किए जाने की घोषणा की गयी थी। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने खुशी के माता.पिता को आज आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा।




**छ.ग. माटीकला बोर्ड के सदस्य प्रजापति के आकस्मिक निधन पर परिवार को मिला आर्थिक सहयोग**

मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के प्रति छात्रा खुशी के पिता विजय और माता प्राची ने हार्दिक आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री से नई लेदरी में मुलाकात के दौरान खुशी ने बताया कि वह एम्स भोपाल में अध्ययनरत है। नीट में उन्होंने सेकण्ड रेंक हासिल की है। जिसके चलते एम्स भोपाल में मेडिकल शिक्षा के लिए एडमिशन मिला है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण कॉलेज की फीस और पढ़ाई प्रति वर्ष एक लाख रूपए का खर्च वहन करने में दिक्कत आ रही है। जिसपर मुख्यमंत्री ने खुशी मेघानी की पढ़ाई के लिए मौके पर ही पांच लाख रूपए स्वीकृत किए जाने की घोषणा की। इसी तरह भेंट मुलाकात कार्यक्रम में ही छग माटीकला बोर्ड के सदस्य कुलवंत राम प्रजापति के आकस्मिक निधन की घटना पर मुख्यमंत्री द्वारा संवेदना प्रकट की गई। उनके निर्देश पर परिवार को शीघ्र आर्थिक सहयोग पहुंचाने के क्रम में परिजनों को 4 लाख रुपये राशि का चेक जिला प्रशासन द्वारा सौंपा गया।



छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसानों को हो रही खाद संकट

# अघोषित बिजली कटौती की समस्याओं को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने तालाबंदी एवं जंगी प्रदर्शन किया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश के किसानों को हो रही खाद संकट और अघोषित बिजली कटौती के अलावा विभिन्न समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा सहकारी सेवा समिति खड़गवां एवं सीएसपीडीसीएल के विद्युत वितरण केंद्र खड़गवां में तालाबंदी एवं जंगी प्रदर्शन किया गया।**








इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार किसानों को जिस प्रकार किसानी कार्यों के प्रारंभिक चरण में प्रताड़ित कर रही है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि एक किसान खेती प्रारंभ करने से पूर्व साख समिति पहुंचता है और वहां से खाद व कर्ज लेता है व खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करता है। किंतु आज साख समितियों में खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने के चलते किसान चिंतित है। ऐसी दशा में वह प्राइवेट संस्थानों से खाद की खरीदी करने हेतु मजबूर हैं। जहां से कालाबाजारी स्वरूप दुगुने व तिगुने दामों पर खाद की खरीदी हेतु बाध्य है। आगे जायसवाल ने कहा कि वहीं सरप्लस बिजली उत्पादन वाले राज्य में बिजली की अघोषित कटौती से किसान अलग चिंतित है। कहीं दिनभर तो कहीं सप्ताह पंद्रह दिनों तक आपकी किसानी बिजली बंद की शिकायतें रहती है। इन दोनों विषयों को लेकर प्रदेश के किसान साथी अत्यंत चिंतित व प्रताड़ित है। भाजपा किसान मोर्चा राज्यपाल महोदया से मांग करते हुए किसानों को राहत प्रदान करने हेतु राज्य सरकार को आदेशित करें। उन्होंने अपनी मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में रासायनिक खाद की कमी को दूर कर किसानों को सोसायटियों के माध्यम से पर्याप्त प्रदाय किया जाए। किसानी बिजली लाईन अटल ज्योति व ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार अघोषित रूप से व कई दिनों तक बिजली कटौती समाप्त किया जाए। सरप्लस बिजली उत्पादन वाले राज्य में इस प्रकार बिजली के लिए ग्रामीणों को प्रताड़ित करना बंद करे सरकार। वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर किसानों से की जाने वाली लूट बंद हो। राज्य की कांग्रेस सरकार में किसानों के तकरीबन 70 हजार पंप कनेक्शन स्थायी हेतु लंबित है। जिनके डिमांड भुगतान हो चुके है। किसानों को स्थायी बोर कनेक्शन प्रदान किया जाय। कांग्रेस सरकार ने अपने जनघोषणा पत्र में 2 साल का बोनस देने का वादा किया था। किसानों को 2 साल का लम्बित बोनस प्रदान करें। किसानों को पूर्व के भाजपा सरकार में मिलने वाली विभिन्न सब्सिडी वाली योजनाएं तात्कालिक सरकार ने बन्द कर रखी है। जिसे प्रारम्भ किया जाए। राज्य सरकार ने विगत दो सालों से किसानों के बारदानों में धान खरीदी तो की है। किन्तु उसका भुगतान अब तक किसानों को नहीं किया गया। राज्य सरकार जल्द किसानों को बारदानों का पैसा प्रदाय करें। राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों को विगत दो सालों से जो अंतिम क़िस्त दिया गया उसमें 30 से 50 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कम भुगतान हुआ। यह राशि छोटी है किंतु पूरे प्रदेश में यह लगभग 1 हजार करोड़ का घोटाला है। जब बजट प्रस्तावित होता है। तो यह कटौती क्यों होती है जांच का विषय है। इन सभी मांगों का पत्र सहकारी समिति प्रबंधक व विधुत वितरण केंद्र खड़गवां के कनिष्ठ अभियंता को सौंपा गया। इस दौरान भाजपा जिला संगठन प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े, पूर्व विधायक दीपक पटेल, मुकेश जायसवाल, राहुल सिंह, अंचल राजवाड़े, धर्मपाल सिंह, जनार्दन साहू, धनंजय पांडेय, सतनारायण सिंह, गोमती द्विवेदी, प्रदीप सलूजा, रानी गुप्ता, संजय सिंह, रामलाल साहू, रामप्रताप साहू, रमेश जायसवाल, संतोष सिंह, सहित भाजपा के खड़गवां व चिरमिरी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुये 2 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को थाना छिन्दगढ़ से निरीक्षक एकेश्वर नाग थाना प्रभारी के नेतृत्व में सउनि सुरेन्द्र कश्यप के हमराह स्टाफ का बल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 में ग्राम रोकेल के पास मोबाईल चेक पोस्ट की कार्यवाही जा रही थी। मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों को चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान दो व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 ए. एम 7884 में सवार होकर सुकमा की ओर से जगदलपुर की ओर जा रहे थे जिन्हें रोककर दोनों व्यक्तियों के बैगों की तलाशी के लिया गया। जिसमें 02 पैकेट भूरे रंग का प्लास्टिक टेप मे लिपटा हुआ। 07 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ गांजा अनुमानित किमत लगभग 70,000 सत्तर हजार रूपये का परिवहन करते हुये पाया गया। उक्त कृत्य पाये जाने से दोनों आरोपी क्रमशः 01, योगेश कुमार ध्रुव पिता श्विरराम ध्रुव उम्र 31 वर्ष साकिन ग्राम मगरलोड मथुरानगर थाना मगरलोड जिला धमतरी छग, 02 सूरजभान निषाद पिता स्व नंदूराम निषाद साकिन ग्राम दानीटोला नहर नाका, थाना कोतवाली जिला धमतरी छग के विरूद्ध थाना छिंदगढ़ में अपक 27/2022 धारा 20 ख, मादक पदार्थ अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही करते हुये उक्त दोनों आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर को माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक एकेश्वर नाग, थाना प्रभारी छिन्दगढ़ सउनि सुरेन्द्र कश्यप, प्रआर चंदन नेगी, राजेन्द्र मण्डावी,चन्द्रकुमार मरकाम आरक्षक मनोज साहु, ललित यादव एवं सहाआर नोमेश्वर साहु का विशेष योगदान रहा।

### राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय तीन दिवसीय चिंतन शिविर महामाया मंदिर परिसर में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



23 जुलाई से 25 जुलाई तक राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना चिंतन शिविररतनपुर महामाया मंदिर परिसर में स्थित आश्रम में लगाया जा रहा है। जिसमें राज्य के नो विश्वविद्यालय की स्वयंसेवक स्वयंसेविका कार्यक्रम अधिकारी जिला संगठन कार्यक्रम समन्वयक स्टेट एनएसएस ऑफिसर सहित 72 लोगों की सहभागिता होगी। इस शिविर में मुख्य रूप से रा से यो की गतिविधियों की समीक्षा होगी साथ ही नवाचारी गतिविधियों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा होगी और यूनिसेफ सोशल मीडिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जावेगी कार्यक्रम का उद्घाटन अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई करेंगे दोपहर के चिंतन सत्र में फूलबासन यादव पद्मश्री का महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान होगा। द्वितीय दिवस प्रथम चिंतन सत्र में बिलासपुर पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी का योग का हमारे जीवन में महत्व विषय पर व्याख्यान होगा तत्पश्चात समस्त शिविरार्थियो को कोटा ब्लॉक मैं स्थित गोद ग्राम नेवासा का भ्रमण कराया जाएगा। तृतीय दिवस पर आजादी की 75 वर्षगांठ पर स्वतंत्रता सेनानियों की ऊपर व्याख्यान एस डी झा प्राचार्य नलिनी प्रभा महाविद्यालय बिलासपुर का होगा कार्यक्रम का समापन 25 तारीख को शाम 3 बजे होगा संपूर्ण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आयोजन में हो रहा है। इसकी संगठन व्यवस्था अटल बिहारी वाजपई विश्वविद्यालय बिलासपुर के द्वारा किया जा रहा है उक्त जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक मनोज सिन्हा द्वारा दी गई।

# कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी के सम्मन के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



**ईडी, भाजपा की एजेंट की तरह काम करना बंद करे-लालू राठौर**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी के सम्मन के विरोध में जिला मुख्यालय बीजापुर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि ईडी भाजपा की एजेंट की तरह काम कर रही है। ईडी की भूमिका मोदी सरकार में भाजपा की प्रचार-प्रचार तंत्र के अलावा कुछ नहीं है। ईडी भाजपा की एजेंट की तरह काम करना बंद करे। लालू राठौर ने आगे कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, मोदी सरकार से सवाल पूछते है जो जनता से जुड़े एवं देश के भविष्य से संबंधित होते है। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के सवाल का जवाब देने से बचने मोदी सरकार ईडी का नोटिस भेजती है। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी द्वारा उठाई जा रही मजदूरों की, गरीबों की, किसानों की, युवाओं की आवाज को दबने नहीं दिया। मोदी भाजपा सरकार, ईडी और पुलिस के माध्यम से ये दबाव इनकी आवाज उठाने से रोक रही है। कांग्रेस भाजपा का डट कर मुकाबला करेगी। धरना प्रदर्शन में नगर पालिका बीजापुर अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, नगर पंचायत भैरमगढ़ के अध्यक्ष सुखमती मांझी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लच्छु राम मौर्य, रमेश पामभोई, रमेश यालम, शैलेश मंडावी, महिला कांग्रेस की ज़िला अध्यक्ष गीता कमल, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, जिला महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, बीजापुर नगर पालिका के पार्षद कलाम खान, साहिल तिग्गा, लक्ष्मण कड़ती, भैरमगढ़ नगर पंचायत के पार्षद शशि परबूलिया, सरोज शर्मा, सियाराम नेगी, दुरुपसाय कुपाल, पार्षद अरुण वासम, जनपद अध्यक्ष अनिता तेलम, भैरमगढ़ ब्लॉक के सरपंच संग अध्यक्ष बुधराम पोयाम, विधायक प्रतिनिधि दिनेश पुजारी, आवापल्ली की सरपंच नोल्ली मीनाक्षी, सेवा दल के प्रदेश सचिव अनिस खान, दुर्गमेहरा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं सरपंच सुनील उद्दे, ब्लॉक महामंत्री के जी सत्यम, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एजाज सिद्दीकी विरेंद्र सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस की संजना चौहान, सरस्वती मंडल, जगदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, रामा लेकाम, लक्ष्मैया पुजारी, राजैया पसपुल, राजेश मंडावी, सियाराम समरथ के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

# विपरीत दिशा में वाहन चलाते पाए जाने पर समझाइश के साथ-साथ चलानी कार्यवाही करते हुए यातायात पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।





जिला मुख्यालय में लगातार यातायात पुलिस उपनिरीक्षक शंकर पाल द्वारा विपरीत दिशा में वाहन चलाते पाए जाने पर समझाइश के साथ साथ चलानी कार्यवाही किया जा रहा है।शहर में दिनों दिन सड़क दुर्घटना बढती जा रही है। और सही रूप से वाहन न चलाना जैसे अपने परिवार को चिंता में रखना आपको बता दें कि सडक् सुरक्षा व्यवस्था खुद को करनी है हमेशा आप दु पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और सड़क क्रासिंग करते वक्त हमेशा वाहन के इंडिकेटर लाईट का प्रयोग करें कभी भी जल्द बाजी में वाहन न चलाएं और होने वाले सड़क दुर्घटना से बचें वहीं वाहन चलाते समय अपने साथ सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से रखें ताकि आपकी वाहन चेकिंग के दौरान चलान न कटे और सही रूप में यातायात नियमों का पालन किया जा सके।

# आदिवासी महिला का राष्ट्रपति बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है - कविंद्र जैन

## द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर भाजपा ने मनाया जश्न

**धमतरी ।** भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुने जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए घड़ी चौक मे अतिशबाजी कर एवं मिठाई वितरित कर जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि भारत देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का चुना जाना देश के लिये गर्व की बात है। अत्यंत गरीब परिवार मे जन्म लेने वाली उड़ीसा की आदिवासी महिला अपनी काबिलियत के बल पर पार्षद से अपनी राजनैतिक यात्रा प्रारंभ करते हुए विधायक मंत्री और राज्यपाल जैसे पदों पर आसीन होती है तथा उसके बाद उनकी योग्यता को देखते हुए नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार द्वारा उन्हे राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना जाता है। देश भर मे उनको भरपूर समर्थन प्राप्त होता है। विपक्षी दलों के द्वारा भी उनको मत दिया जाना लोकतंत्र की खूबसूरती को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी ने देश की जनता को बधाई देते हुए उनको समर्थन देने वाले समस्त विधायकों, सांसदों एवं राजनैतिक दलों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र साजा में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र साजा में बीएससी कृषि आनर्स कि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव रावे अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आलोक तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात में डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. रेवेन्द्र कुमार साहू ने छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव रावे के अंतर्गत किये जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जीपी आयाम ने कार्यक्रम के अंतर्गत की गई गतिविधियों के बारे में चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के साथ अनुभव साझा किया। इस कार्यक्रम के प्रथम अवयव जिसमें छात्र-छात्राओं को गांव में अनुलग्न करके उनके प्रायोगिक दक्षता को बढ़ावा जिससे की कृषि कार्य में उत्पन्न होने वाली समस्या का समाधान कर सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष के 25 विद्यार्थी पूरे सेमेस्टर में विभिन्न विषयों की तकनीकी कार्य अनुभव को साझा करेंगे और साथ ही साथ ग्रामीण कृषकों से उनके अनुभव प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम को संचालित करने के लिए कृषि महाविद्यालय के समीप ग्राम मौहाभाठा एवं अतरझोला को चुना गया है। इस कार्यक्रम के द्वितीय अवयव जिसमें छात्र-छात्राओं को कृषि आयोजित उद्योगों, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि अनुसंधान संस्थान में भ्रमण व अनुलग्न करना जिससे की उनका बौद्धिक व उद्यामिकता का विकास हो सके। महाविद्यालय के अधिष्ठाता के द्वारा छात्रों को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव को सूचारू रूप से संचालित करने हेतु मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक डॉ. आरएस लांझियाना, डॉ. केएन कोशले एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

# ईडी के कार्यवाही के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




सुकमा बसस्टैण्ड परिसर मे कांग्रेस के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन मे कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी की मौजूदगी में सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ के विरोध में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। पार्टी के युवा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीति पूरी तरह गलत और जनता विरोधी हैं। महंगाई चरम पर हैं। युवा बेरोजगार हैं, काला धन लाने की बात की थी। देश भर में अव्यवस्था का माहौल हैं और जब भी कोई इस विषय में आवाज उठाता हैं तो उसके खिलाफ केंद्र की भाजपा सरकार उसे ईडी सहित अन्य एजेंसिया के माध्यम से डराना चाहती हैं लेकिन कांग्रेस न कभी डरी हैं और डरेगी। हरीश कवासी ने कहा कि देश की सेवा के लिए जिस परिवार ने बलिदान दिया उस परिवार के हमारे नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की जा रही हैं । लेकिन हम डरेंगे नहीं और न ही रुकेंगे, हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में आमजन के हित की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ते रहेंगे हरीश कवासी ने आगे कहा बस इतना कहना चाहूंगा जितना भी कर ले सितम हस हस के सहेंगे हम तुम्हारे झूठे वादों को गांव-गांव में बताएंगे हम, मोदी तेरी कसम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि ईडी सहित अन्य एजेंसियों के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार कांग्रेस को डराने का कार्य कर रही हैं लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। आमजन की आवाज बनकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। न कभी डरे और न कभी डरेंगे।

इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए नगरपालिका अध्यक्ष राजू साहू संबोधित करते हुए कहें कि केंद्र की मोदी सरकार डर गई हैं इसलिए एजेंसियों के माध्यम से हमारे नेता को डराना चाहते हैं। लेकिन वो अपने मंसूबो पर कामयाब नहीं होंगे। हमारे नेता राहुल गांधी व सोनिया गांधी केंद्र की गलत नीतियों के खिलाफ सदन में आवाज उठाते हैं । आम आदमी की आवाज बनकर हर जगह खड़े रहते हैं जिसके चलते केंद्र की बीजेपी की सरकार डर गई हैं । नपा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि भाजपा जब विपक्ष में थी तो महंगाई को लेकर हो हल्ला मचाती थी लेकिन आज केंद्र में सत्ता में हैं और महंगाई से आम आदमी पूरी तरह त्रस्त हैं। आज धर्म के नाम पर देश को बाटा जा रहा हैं। लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा हैं। लेकिन यह सब ज्यादा दिन नहीं चलेगा महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त देश की जनता यह सब समझ चुकी हैं और आने वाले चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। धरना प्रदर्शन में शामिल थे किरण देव,हरिश कवाशी, योग आयोग के सदश्य राजेश नारा राजू साहू,जिला कांग्रेस की अध्यक्षा माहेश्वरी बघेल,मनोज चौरसिया, रम्मू राठी, धर्मेन्द्र सिंग रोहित पाण्डे, राजेंद्र सिंग भदौरिया एवं समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण मौजूद रहे।



लीप मिरी द्वारा पुनः शिकायत पत्र कोरबा कलेक्टर एवं एसपी को सौंपा ज्ञापन

# दोषियों पर जल्द कार्यवाही, फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवा कर हड़पी आदिवासियों की जमीन

## अब फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे लिए गए लाभ की होगी वसूली और होगी दंडात्मक कार्यवाही


जोहार छत्तीसगढ़ – कोरबा।

कोरबा जिले में पिछले 15 साल पहले फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है दो साल पहले छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारी दिलीप मिरी द्वारा 23 लोगों के नामजद शिकायत करते हुए जाति प्रमाण पत्र जांच करने हेतु आवेदन दिया गया था।






शिकायतकर्ता ने बताया गया था कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाने वाले 23 लोग दीपका स्थित एसीबी कम्पनी के वर्कर हैं इन वर्करों के नाम फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे आदिवासियों की जमीन खरीदी गई और रेल कॉरिडोर में कई करोड़ रुपए मुहावजा भी वसूल कर लिए वही सैंकड़ों एकड़ जमीन आदिवासियों के नाम से खरीद कर एसीबी कंपनी द्वारा उसका कमर्शियल यूज किया जा रहा है 2 साल पहले हुई शिकायत पर जिला स्तरीय जांच समिति ने अभी तक जांच में चार लोगों की जाति प्रमाण पत्र को फर्जी पाया है वहीं 19 लोगों की जांच अभी जारी है कोरबा कलेक्टर संजीव झा ने बताया कि फर्जी पाए गए चारों आरोपियों के जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया है वहीं अब आरोपियों के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी साथ ही फर्जी दस्तावेज के आधार पर लिए गए लाभ की वसूली भी की जाएगी। क्योंकि ये 165,6 के प्रावधानों का उल्लंघन है जिसमें कड़ी कार्यवाही का प्रावधान है वहीं बाकी बचे लोगों के प्रमाण पत्र की जांच भी जल्द से जल्द जांच समिति द्वारा कर ली जाएगी। अब जबकि 23 लोगों में से चार लोगों की जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं और जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा जाति प्रमाण पत्र को निरंक कर दिया गया है तो शिकायतकर्ता छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश महामंत्री दिलीप मिरी द्वारा पुनः शिकायत पत्र कोरबा कलेक्टर एवं एसपी को सौंपते हुए दोषियों पर जल्द से जल्द एफआईआर करने की मांग की है वहीं फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने वाले एसडीएम एवं तहसीलदार सहित पटवारी के ऊपर भी कार्यवाही की मांग की गई है।




जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया

जोहार छत्तीसगढ़– महासमुंद।




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित मंत्री और विधायक के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में राजधानी पहुंचें। इनमें कांग्रेस प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त कांग्रेसजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस अवसर पर महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की साजिश रच रही है। विपक्षी दलों को चुप कराने की कोशिश कर रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार बेरोजगारी और महंगाई जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए यह कार्रवाई करवा रही है। उन्होंने कहा, ष्पूरे देश के लोगों में आक्रोश है और मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी से जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ढेलु निषाद,खिलावन साहू,पुष्पेंद्र पटेल,रवि निषाद,रवि कश्यप,जितेंद्र सिदार,करण दीवान जिला प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा,संयुक्त महामंत्री सोमेश दवे,कोषाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी,महामंत्री गुरमीत चावला,सुनील चंद्राकर पार्षद राजेंद्र चंद्राकर,राजू साहू,तुलसी साहू,संतोष चंद्राकर,बसंता ठाकुरए ब्रिजेन बंजारे,ममता चंद्राकर,लता कैलाश चंद्राकर,सती चंद्राकर,कविता रानी तिवारी सेवादल,दसोदा ध्रुव,खेमराज ध्रुव,राजेंद्र कौशिक,कपिल साहू, नजरुद्दीन भाटी, डागा राम साहू,हेमंत डडसेना,इमरान कुरेशी, नितेंद्र बेनर्जी निर्मल जैन एवं हजारों की संख्या में महासमुंद विधानसभा एवं जिला से कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी कार्यालय रायपुर को घेरने पहुंचे थे।

## पुलिस मुखबिर के आरोप में नक्सलियों ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

पोलमपल्ली में देर रात नक्सलियों ने दिया घटना को अंजाम

जोहार छत्तीसगढ़– सुकमा।

सुकमा जिले में गुरुवार देर रात पोलमपल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत पोलमपल्ली में नक्सलियों ने एक बार फि र से बड़ी घटना को अंजाम दे दिया है। और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात 11 बजे लगभग 40 से 50 नक्सली ग्रामीण वेशभूषा में मृतक के घर पहुंचे। और मृतक माड़वी जोगा की धारदार हथियार वा डंडे से वार कर हत्या कर दी। वहीं घटना के समय मृतक की पत्नी और बच्चे थे परिवार के समाने ही नक्सलियों ने वारदात को अंजाम दिया। जिसके बाद नक्सलियों ने जाते जाते मृतक की पिकअप वाहन जो घर के सामने ही खड़ी थी उसे भी आग के हवाले कर दिया। यह पूरा घटनाक्रम गुरुवार रात की है जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।









घटना को अंजाम देने के बाद घर के बाहर खड़ी पिकअप वाहन को किया आग के हवाले

## डी ए व गृह भाड़ा भत्ता को लेकर 25 से 29 तक कलम बंद काम बंद

जोहार छत्तीसगढ़– बीजापुर।

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है। कि प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के समस्त कर्मचारी वा अधिकारी 25 जुलाई 22 से 29 जुलाई 22 तक घोषित कार्यक्रम के अनुसार अपनी दो सूत्रीय मांग डी ए वा सातवें वेतनमान पे गृहभाड़ा भत्ता को लेकर काम बंद कलम बंद करेंगे जिसमे बीजापुर जिला के भी समस्त कर्मचारी वा अधिकारी शामिल होंगें। इस संबंध 30 मई 22 को कलेक्टर बीजापुर,पुलिस अधीक्षक बीजापुर वा अनुविभागीय दण्डाधिकारी बीजापुर को भी प्रतिलिपि सूचना दी गई है साथ ही आंदोलन के द्वितीय चरण 29 जून 22 को भी जिला प्रशासन को प्रतिलिपि सूचना दी गई। दो चरणों के आंदोलन मे प्रदेश के कर्मचारियों ने शासन–प्रशासन को एक माह का समय दिया गया किंतु शासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई घ्यान नही दिया गया। जिससे कर्मचारी आक्रोशित हैं वा तृतीय चरण के आंदोलन हेतु बाध्य हैं।



इस संबंध में 20 जुलाई 22 को जिला संयोजक के डी राय,जिला अध्यक्ष मो जाकीर खान सचिव कैलाश रामटेके, राजेश मिश्रा विश्वनाथ मांझी आदि पदाधिकारियों ने कार्यालयों मे संपर्क कर अवकाश आवेदन प्रारूप बांटा गया साथ ही सभी कर्मचारी वा अधिकारीयों से अपील किया गया है चाहे वे प्रथम श्रेणी के हों या द्वितीय श्रेणी के यदि वे राज्य मद से डी ए प्राप्त करते हैं तो सभी हड़ताल मे शामिल होवें। एक अनुमान के अनुसार राज्य के पांच लाख कर्मचारी काम बंद कलम बंद करेंगे। वहीं छग शालेय शिक्षक संघ,टीचर्स एसोसियेशन वा नवीन शिक्षक संघ ने 25 जुलाई से ही अनिश्चत कालीन हड़ताल की घोषणा की है।

## एक नजर

### तीन ग्रापं सचिव निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

शासकीय कार्य में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण जिले के तीन ग्राम पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें जनपद पंचायत बेमेतरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत केंवाछी के सचिव नान्हूराम साहू, जनपद पंचायत नवागढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत घोघरा के सचिव जितेन्द्र राजपुत एवं जनपद पंचायत बेरला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनियारी के सचिव शिवपुरी गोस्वामी शामिल है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा यह निलंबन आदेश जारी किया गया है।

### बाढ़ राहत के नाम पर राजनीति करना बंद करें विक्रम और महेश-जेसीसीजे

दिन में दिया प्लास्टिक शीट शाम को उनसे छीना गया

जोहार छत्तीसगढ़–बीजापुर।

भोपालपटनम तहसील के गोदावरी तट क्षेत्र में पिछले दिनों आई बाढ़ से वहां का जन जीवन अस्त व्यस्त होने के बाद कांग्रेस भाजपा ने पीड़ितों को मदद के बजाय राजनैतिक स्टंट शुरू कर दिया है उक्त आरोप जेसीसीजे के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने प्रेस नोट जारी कर लगाया है। विजय झाड़ी ने कहा है की करीब आधा दर्जन से भी ज्यादा गांव डुबान में आ गए। प्रभावित गांव के ग्रामीणों की पीड़ा पर राजनीति करने सत्ताधारी पार्टी के विधायक प्रशासकीय अमले के साथ बाढ़ ग्रस्त इलाके में पहुंच कर जिनके मकान डुबान में जमीदोज हो गए उन्हें प्लास्टिक शीट दिलवाया। तीन दिनों बाद बीजापुर में कांग्रेस के टीम बी कहे जाने वाले भाजपा नेता उसी इलाके में पहुंच कर फोटो सेशन कर सोशल मीडिया में अपने आईटी सेल के माध्यम से खूब प्रचार करवाया।



जबकि हकीकत यह है की जिन इलाके में राहत सामग्री के साथ जो प्लास्टिक शीट ग्रामीणों को दी गई थी उसे शाम को ही फॉरेस्ट के अफसरों के माध्यम से छीना गया। अभी बाढ़ का पानी उतारा हुआ जरूर है पर वापस गांव में बसाहट खुद को बाढ़ में डुबाने के समान है। जेसीसीजे नेता ने कहा है की गोदावरी नदी पर तुपाकलागुडेम पर अधिक ऊंचाई की बनी बैराज इलाके के डुबान का कारण बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा और कांग्रेस दोनों की सत्ता इस बैराज निर्माण को लेकर मौन रहे हैं। बीजापुर के प्रभारी मंत्री इससे आई बाढ़ को मीडिया की उपज बता कर जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहे हैं। कांडला, अतुकपल्ली, रामपेठा, तारलागुड़ा और चंदूर के वास्तविक पीड़ितों से टीम, और टीम बी के राजनेता मिलने से बचते रहे हैं। विजय झाड़ी ने कहा की तारलागुड़ा रोड पर अस्थाई आवास बनाने वाले ग्रामीणों को वन अधिकारियों द्वारा बारिश में प्लास्टिक शीट छीने जाने का कारण उन्हें बसने से रोकना नहीं बल्कि भाजपा और कांग्रेस के नेताओ द्वारा इस सड़क के आजू बाजू सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को संरक्षण देना है। जेसीसीजे सरकार से मांग करती है की बाढ़ पीड़ितों को सड़क के किनारे उनके अस्थाई निवास को न तोड़े, जिन अधिकारियों ने उनसे प्लास्टिक शीट छीने हैं उन्हें वापस करे। मकान, अनाज, वनोपज, मवेशी नुकसान का मुआवजा दे।

### आप जहां रहते हैं ,वहां के आसपास का वातावरण स्वस्थ रहना चाहिए- हर्षित मुनि

**राजनांदगांव** । जैन संत हर्षित मुनि ने कहा कि आप जहां रहते हैं वहां के आसपास का वातावरण स्वस्थ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुआओं का भी जीवन में काफी असर होता है। आपके अगल बगल वाले यदि आपके बारे में बुरा सोचेंगे तो उसका असर हमारे जीवन में भी पड़ेगा।

समता भवन में आज अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि बद् दुआ को दुआ में बदलने का प्रयास करो। उन्होंने कहा कि घर में कुछ हो रहा है तो हम यह समझते हैं कि यह वास्तु दोष की वजह से हो रहा है। वस्तुतः यह हमारे द्रव्य के मजबूत होने और कर्म के कमजोर होने के कारण होता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति हमारे अगल बगल का वातावरण अशुद्ध होने की वजह से भी उत्पन्न होती है । व्यक्ति को अपने कर्म को बदलने का प्रयास करना चाहिए ताकि आसपास के वातावरण को वह शुद्ध कर सके।

हर्षित मुनि ने कहा कि व्यक्ति अपने कर्मों को बदलना नहीं चाहता। वह अपने आप को सुधारना नहीं चाहता, अपनी वृत्ति भी बदलना नहीं चाहता इसलिए वह कितना भी वास्तु शास्त्र के हिसाब से अपने वातावरण को सुधारने का प्रयास कर ले किंतु वह नहीं सुधरता। आप ऐसा प्रयास करें कि आपके पास काम करने वाला आपका नौकर भी आपके बारे में अच्छा सोचे। आपके पास समय बहुत है बस प्रबंधन की कमी है। जब आप समय का सदुपयोग नहीं करेंगे तो आप अपने आने वाले कल को कैसे सुधार पाएंगे।

## डीईओ ने किया बेरला क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़– बेमेतरा।



जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा कल विकासखण्ड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर, अकोली, पिरदा, हरदी, बोरसी, रेवे, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अकोली, पिरदा, हरदी, बोरसी, रेवे, शासकीय हाई स्कूल हरदी, हायर सेकण्डरी स्कूल कन्या बेरला, विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय प्राथमिक शाला भुरकी एवं निनवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। डीईओ मिश्रा द्वारा निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर में बच्चे विद्यालय परिसर में खेलते पाए गए। शासकीय प्राथमिक शाला अकोली एवं पिरदा, हरदी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिरदा, हरदी के अतिरिक्त हाई स्कूल हरदी में भी बच्चों में अपेक्षित दक्षता नहीं पाई गई। प्राथमिक शाला पिरदा एवं पूर्व माध्यमिक शाला हरदी में मध्यान्ह भोजन सामग्री निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए गए। हाई स्कूल हरदी में कक्षा 10वीं में अब तक एक भी प्रायोगिक कार्य नहीं कराया गया है। डीईओ मिश्रा के विद्यालय निरीक्षण में शासकीय प्राथमिक शाला रामपुर के सीमा साहू प्रधान पाठक एवं अंबिका साहू सहायक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए शेष सभी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक उपस्थित मिले। अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी करने तथा जिन विद्यालयों में बच्चों में अपेक्षित दक्षता में कमी पाई गई है उसमें सुधार के हेतु निर्देशित किया गया है।

## एक तो इंद्रदेव नाराज ऊपर से अधिकारियों की लापरवाही, पीड़ित किसान स्वयं कर रहे नहर की मरम्मत

जोहार छत्तीसगढ़– फरसाबहार।

फरसाबहार तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोनपारा के कोकिया नाला व्यापवर्तन में बने नहर से किसानों की जमीन सिंचित करने के लिए बनी हुई है। नहर जल संसाधन विभाग के द्वारा समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण कई जगहों पर नहर क्षतिग्रस्त हो चुकी है।



नहर टूटने के कारण किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे किसानों के द्वारा बोया हुआ धान की फसल नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है यह नहर कोनपारा, दल टोली, तुमला तक जाती है। लगभग 5 किलोमीटर तक इस नहर का पानी पहुंचती है। लेकिन इस खरीफ की सीजन में पानी बिलकुल भी नहीं पहुंच पा रहा है। कोनपारा निवासी रमाशंकर पटेल, पदमन पटेल, पुरुषोत्तम यादव, गोपाल राम यादव ने बताया कि गर्मी के दिनों में अगर नहर की समय पर रखरखाव एवं मरम्मत की जाती तो बरसात के दिनों में नहर से आने वाला पानी किसानों के खेतों में अच्छा से पहुंच जाता। लेकिन इसमें अधिकारियों की लापरवाही से हमारी खेती क्षतिग्रस्त हो रही है। वहीं प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है अगर अभी भी की साफ–सफाई एवं मरम्मत की जाती है तो कई किसानों के खेतों में नहर का पानी किसानों के खेतों में पहुंचेगा जिससे किसानों की धान की फसल अच्छे से हो जाएगी। हमारी प्रशासन से यह अपील है कि जल्दी से जल्दी नहर का सर्वे कराकर जिन जिन जगहों से नहर का पानी अन्य नालों में व्यर्थ बह रही है। नहर की मरम्मत कराई जाए जिससे कि किसानों की धान की फसल बर्बादी से बच सकें। इस नहर का संचालन मेरे द्वारा किया जा रहा है। मैं पिछले वर्ष 4 स्टीमैंट बना के भेज दिया हूं। लेकिन वह कार्य स्वीकृत नहीं हुआ इसी कारण से नहर की साफ–सफाई एवम मरम्मतीकरण नहीं हुआ अभी कुछ दिन पहले और स्टीमेंट भेजा हूं। देखते हैं कितना दिन तक स्वीकृत हो जाता है। लेकिन मैं कोशिश करूंगा की कल से 20 मजदूर10 दिन तक लगाकर किसानों की समस्याओं का समाधान करूंगा।

**जितेंद्र कुमार सिंह, उप अभियंता जल संसाधन उपसंभाग फरसाबहार**



# अभिनेत्री वरीना हुसैन ने बड़ी ही सहजत्ता से अपने पोस्ट-शूट की तस्वीरें की साझा

बॉलीवुड सेलिब्रिटी अपने निभाए हुए किरदार को न्याय देने के लिए पुरे दिलो जान से मेहनत करते है । सही जगह और व्यू के लिए अभिनेताओं को कई बार कडी धुप में या सनसनाती बारीश में भी शूटिंग पर जाने पड सकता हे।

ख़राब मौसम में अपने आउटडोर शूटिंग शेड्यूल के कारण, बॉलीवुड अभिनेते अक्सर धूप से झुलस जाते हैं या उन्हें इधर –उधर कुछ चोटे आ जाती हे। और कुछ ऐसी ही हे हमारी सबसे खूबसूरत वरीना हुसैन की लेटेस्ट तस्वीरें। तस्वीरें देख आप वाकई में हो जायेंगे हैरान। वरीना, जो अपने शानदार लुक्स और व्यक्तित्व के कारण सोशल मीडिया पर बहुत फेमस है, उनके सभी प्रशंसकों को उनके तस्वीरों से उनका दीवाना बना देती है। वरीना ने हाल ही मे अपने सोशल मीडिया पर अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह एक हॉट मिनी ऑरेंज बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। तस्वीरों ने हमें उसके प्रति पागल बना दिया, लेकिन जिस चीज ने वास्तव में हमारा ध्यान खींचा, वह थी उसके शरीर पर आये सनबर्न के निशान, जिसे अभिनेत्री ने बिना किसी हिचकिचाहट, एकदम सहजता से दिखाया। मिनी ड्रेस में, हम उसके कंधों और हाथों के साथ–साथ उसकी टोन्ड पैरो को धूप से झुलसते हुए देख सकते हे। वरीना जो अपने आगमी प्रोजेक्ट के लिए गोवा में शूटिंग कर रही थीं, वहा अभिनेत्री को कुछ ऐसे पहनावे पहन्ने पड़े, जिसमें उनकी टोंड बॉडी तो दिखी, लेकिन वहां की नमी के कारण उनकी बॉडी पर कइ जगह सन–बर्न मार्क्स की छाप छूट गइ । हमें यह भी पता चला कि वह जिस किरदार के लिए खुद को तैयार कर रही है, वह कुछ ऐसा है जिसे देखकर हम हैरान रह जाएंगे क्योंकि इसमें वरीना के कभी न देखे गए अवतार की मांग है। लेकिन इन तस्वीरों को देखकर, इन सभी बॉलीवुड डीवाज़ को सलाम कर सकते है कि मौसम कितना भी ठंडा या गर्म क्यों न हो और वे किन ग्लेशियरों में शूटिंग कर रहे हों, अगर उनका किरदार कुछ मांग रहा है, तो वे बॉक्स से बाहर होकर शूट करते हे।

# जाह्नवी कपूर ने गुड लक जेरी के लिए सीखी बिहारी गालियां, ऐसे ली ट्रेनिंग



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जल्द ही सिद्धार्थ सेन द्वारा निर्देशित और आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस, लाइका प्रोडक्शंस और महावीर जैन द्वारा निर्मित गुड लक जेरी में नजर आने वाली हैं. यह फिल्म 29 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

जाह्नवी ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म गुड लक जेरी के लिए बिहारी बोली सीखी है. यह फिल्म एक युवा लड़की जैरी के जीवन के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म उनके संघर्षों के बारे में है कि वह अपने जीवन में कैसे आगे बढ़ती है और अपनी मां को बीमारी से बचाने के लिए बहुत कुछ करती है। फिल्म में जाह्नवी कपूर, दीपक डोबरियाल, मीता वशिष्ठ, नीरज सूद और सुशांत सिंह मुख्य भूमिका में हैं. जाह्नवी कपूर इस फिल्म में भारत के एक छोटे से शहर की एक साधारण लड़की जेरी की भूमिका निभा रही हैं। जाहिर है, अभिनेत्री के लिए उस शहर की भूमिका के लिए बिहारी बोली को समझना बहुत जरूरी था, जिसका अभिनेत्री ने प्रतिनिधित्व किया था। फिल्म के लिए अपने उच्चारण पर बात करते हुए, जान्हवी ने कहा, मैंने बिहारी बोली के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण लिया है। हमारे पास गणेश सर और मिस्टर विनोद नाम के कुछ कोच थे। हमने एक कार्यशाला में भाग लिया और उन सभी गीतों को सुना। उन्होंने मेरा एक काम भी करवा दिया। हम अभ्यास करते थे जिसमें वह मुझसे प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में बिहारी को गाली देने के लिए कहते थे। आखिर पूरी ट्रेनिंग काफी मजेदार रही। मैं अपने देश के उस वर्ग के वाक्य–विन्यास को जानने के लिए बहुत आभारी हूं।



# तापसी पन्नू का अद्भुत सपना, निभाना चाहती हैं एवेंजर का किरदार

हिंदी सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्री तापसी पन्नू जिन्होंने सूरमा, सांड की आंख से लेकर रश्मि रॉकेट तक कुछ अविश्वसनीय खेल फिल्में करके अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब तापसी पन्नू महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज की बायोपिक शाबाश मिठू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मिताली राज महिला अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वालों में से एक हैं। तापसी का कहना है कि उनके लिए पर्दे पर एक जीवित किंवदंती का किरदार निभाना आसान नहीं था। तापसी मिताली राज और निर्देशक श्रीजीत मुखर्जी के साथ अपनी फिल्म शाबाश मिठू के प्रचार के लिए राजधानी में थीं। उस वक्त अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्होंने मिताली को चित्रित करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार किया।

अभिनेत्री ने कहा, क्रिकेटर की भूमिका निभाना बहुत बड़ी चुनौती थी, क्योंकि इससे पहले मैंने कभी क्रिकेट खेला नहीं था, और यह भी सच है कि अगर यह भूमिका इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं होती तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित नहीं किया जाता। इसके अलावा, एक चरित्र के रूप में प्रदर्शन करने के लिए हम दोनों व्यक्तियों के रूप में बहुत अलग हैं तो यह भी काफी कठिन रहा। मैं वैसे भी मिमिक्री अच्छी नहीं कर सकती हूं। इसलिए किसी ऐसे व्यक्ति को चित्रित करने के लिए खुद को बदलने के लिए मानसिक रूप से थोड़ा सा प्रयास करना पड़ता है जो आपसे बहुत अलग है।इसके अलावा, अभिनेत्री ने फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार होने से पहले ही फिल्म के लिए हां कह दिया, जब यह मौका मेरे पास आया तो मैंने सोचा कि इससे बेहतर क्या हो सकता है। ऐसा लग रहा था कि यह भूमिका मेरे लिए लिखी गई थी। यह चुनौतियों से भरी थी। पहला क्योंकि यह फिल्म क्रिकेट के इर्द–गिर्द घूमती है जिसे हमारे देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है और दूसरा क्योंकि यह एक महिला क्रिकेटर के जीवन पर आधारित है। जहां कहीं भी महिलाएं शामिल होंगी, वह लेंस जिससे लोग आपको देखेंगे, वह दोगुना सटीक होगा। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैंने अपना सारा प्रयास एक क्रिकेटर को चित्रित करने में लगा दिया है।तापसी ने आगे खुलासा किया, मुझे केवल एक नहीं, बल्कि चार कोचों द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।

## खेल

नीरज, रोहित, एल्डोस वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में

# एक ही दिन में हमारे 3 एथलीट मेडल राउंड में; पाउल ट्रिपल जंप के फाइनल में पहुंचने पहले भारतीय

ओलिंपिक चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा और रोहित यादव ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इन दोनों के अलावा एल्डोस पाउल ने ट्रिपल जंप के मेडल राउंड में जगह बना ली है।




यहां शुक्रवार को 3 भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था।

जेवलिन थ्रो इवेंट के क्वालिफायर में नीरज ने पहले ही थ्रो में 88.39 मीटर स्कोर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उनके बाद रोहित 80.42 मीटर के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन ग्रुप–2 में टॉप–11 में रहे। वहीं, एल्डोस ने ट्रिपल जंप क्वालिफिकेशन में टॉप–12 पोजिशन हासिल की।

नीरज और रोहित रविवार को फाइनल मुकाबले में मेडल के लिए जेवलिन थ्रो करेंगे। इन दोनों के इवेंट भारतीय समयानुसार 7ः05 बजे होंगे। जबकि ट्रिपल जंप के फाइनल 6ः30 बजे से होंगे।

24 साल के भारतीय स्टार पिछले सीजन में कोहनी की सर्जरी के कारण नहीं उतरे थे। साथ ही 2017 के सीजन में वे फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके थे। उन्होंने 82.26 मीटर का स्कोर किया था।

नीरज के अलावा एक अन्य भारतीय एथलीट एल्डोस पाउल ने ट्रिपल जंप इवेंट मेडल राउंड के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने 16.68 मीटर की जंप के साथ फाइनल राउंड में जगह बनाई। वे टॉप–12 में रहे। अन्य भारतीय जंपर परवीन (16.49) और अबदुल्ला अबोब्रेकर (16.45) क्रमशः 16वें और 19वें नंबर पर रहे।

### हिस्सा ले रहे हैं 34 खिलाड़ी

*अमेरिका के ओरेगॉन में आयोजित इस स्पर्धा में नीरज चोपड़ा के इवेंट में कुल 34 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी दो क्वॉलिफाइंग ग्रुप में रहे। इन दो ग्रुप्स के 12 बेस्ट खिलाड़ियों को शनिवार को होने वाले फाइनल इवेंट में भाला फेंकने का मौका मिलेगा।*

# राष्ट्रमंडल खेलों में कोई टीम कमज़ोर नहीं, एक बार में एक मैच पर ध्यान देंगे : सुरेंद्र



**बेंगलुरू।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से पहले बेंगलुरू के भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र में प्रशिक्षण में जुट गयी है। भारतीय टीम के डिफेंडर सुरेंद्र कुमार ने अपनी तैयारियों के बारे में कहा कि टीम का ध्यान इस समय शारीरिक फिटनेस पर है। सुरेंद्र ने कहा, हमारे प्रशिक्षण सत्र अब भी जारी हैं। हमारा ध्यान मुख्यतः फिटनेस पर है, और हम इस पहलू पर काफी काम कर रहे हैं। हमने अन्य क्षेत्रों को मज़बूत करने पर भी काम किया है। भारत को राष्ट्रमंडल खेलों के लिये इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ पूल बी में जगह दी गयी है, जहां उनका पहला मुकाबला 31 जुलाई को घाना से होगा। सुरेंद्र ने कहा कि वह किसी भी टीम को हल्का नहीं आंकेंगे और टूर्नामेंट में एक बार में एक मैच पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे।

## एक नजर

# बोल्ट बने शीर्ष वनडे गेंदबाज़

**दुबई ।** भारत के शीर्ष गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गयी एकदिवसीय श्रंखला के तीसरे मैच से बाहर रहने के कारण आईसीसी रैंकिंग में नुकसान हुआ है। आईसीसी की ओर से जारी ताज़ा रैंकिंग के अनुसार बुमराह की गैर–मौजूदगी में न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट 704 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर आ गये हैं, जबकि बुमराह 703 पॉइंट के साथ दूसरे पायदान पर हैं। बुमराह एक तरफ़ जहां रैंकिंग में नीचे आये हैं, वहीं उनके साथी गेंदबाज़ों ने एकदिवसीय रैंकिंग में ऊपर की ओर छलांग लगायी है। युज़वेंद्र चहल गेंदबाज़ो की फ़हरिस्त में चार पायदान ऊपर चढ़कर 16वीं रैंकिंग पर आ गये जबकि हार्दिक पांड्या ने ऑल–राउंडर रैंकिंग के शीर्ष 10 को भेदते हुए आठवां स्थान हासिल कर लिया। चहल ने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रंखला में सात विकेट लिये थे, जबकि पांड्या ने छह विकेट लेकर 100 रन बनाये थे। युवा बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने इंग्लैंड श्रंखला के आखिरी मैच में 125 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर 25 पायदान की विशाल छलांग लगायी और 52वें स्थान पर आ गये। पांड्या बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में भी आठ पायदान चढ़कर 42वें स्थान पर आ गये, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रैसी वान डेर डुसेन की रैंकिंग में सुधार के कारण रोहित शर्मा और विराट कोहली एक–एक पायदान नीचे खिसके हैं।



टी–20 वर्ल्ड कप से पहले दो और सीरीज

# टीम इंडिया सितंबर-अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका की मेजबानी करेगी, एशिया कप UAE में

इस साल अक्टूबर–नवंबर में होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया दो और सीरीज खेलने जा रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के प्रेसिडेंट सौरव गांगुली ने बताया कि भारत सितंबर–अक्टूबर में पहले ऑस्ट्रेलिया और फिर साउथ अफ्रीका की मेजबानी करेगा।




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी–20 मैचों की सीरीज होगी। वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन टी–20 मैचों के अलावा तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

BCCI अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी–20 मैच में 20 सितंबर को मोहाली में खेला जाएगा। इसके बाद 23 सितंबर को नागपुर में और 25 सितंबर को हैदराबाद में मुकाबले खेले जाएंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला मैच 28 सितंबर को त्रिवेंद्रम में खेला जाएगा। इसके बाद 1 अक्टूबर को गुवाहाटी में और 3 अक्टूबर को इंदौर में मैच खेले जाएंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला वनडे मैच 6 अक्टूबर को रांची में खेला जाएगा। इसके बाद 9 अक्टूबर को लखनऊ में और 11 अक्टूबर को दिल्ली में वनडे मैच खेले जाएंगे। दुर्गापूजा के कारण कोलकाता में नहीं होगा वनडे बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारत–साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज का एक मैच रोटेशन के तहत कोलकाता में होना था।

# 108 साल बाद पुजारा ने रचा इतिहास

ससेक्स के लिए तीसरी डबल सेंचुरी लगाई; लॉर्ड्स में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बने

चेतेश्वरा पुजारा ने काउंटी में इतिहास रच दिया है। उन्होंने बुधवार को ससेक्स के लिए मिडिलसेक्स के खिलाफ इस सीजन का तीसरा दोहरा शतक जड़ा। इसके साथ ही वह 108 साल बाद ससेक्स की ओर से एक सीजन में तीन डबल सेंचुरी लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वह पहले भारतीय भी हैं, जिन्होंने क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स में खेले गए किसी भी मैच में डबल सेंचुरी लगाई है।




पुजारा ने 403 गेंदों पर 231 रन की पारी खेली। वह इस मैच में टॉम हेन्स के चोटिल होने के कारण टीम की कप्तानी भी कर रहे हैं। ससेक्स के कप्तान के तौर पर भी पुजारा की यह पहली डबल सेंचुरी है। इससे पहले इस सीजन में पुजारा 387 गेंदों पर नाबाद 201 और 334 गेंदों पर 203 रन की पारी खेल चुके हैं। काउंटी क्रिकेट के दम पर ही पुजारा की टेस्ट टीम में वापसी हुई थी। खराब प्रदर्शन की वजह से पुजारा को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज से ड्रॉप कर दिया गया था। पुजारा ने टीम से ड्रॉप होने के बाद काउंटी में ससेक्स की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ री–शेड्यूल टेस्ट मैच में टीम में वापसी हुई। पुजारा इस मैच की पहली पारी में सिर्फ 13 रन ही बना सके।

# हार के साथ समाप्त हुआ स्टोक्स का एकदिवसीय करियर

**चेस्टर ली स्ट्रीट ।** दक्षिण अफ्रीका ने रैसी वान डेर डुसेन (134) के शतक और एडेन मार्करम (77) के अर्द्धशतक की बदौलत इंग्लैंड को एकदिवसीय श्रंखला के पहले और बेन स्टोक्स के एकदिवसीय करियर के आखिरी मैच में 62 रन से मात दी। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड के सामने 50 ओवर में 334 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन इंग्लैंड इसके जवाब में 271 रन पर ऑल–आउट हो गयी और स्टोक्स को जीत के साथ विदा नहीं कर सकी। अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच खेल रहे बेन स्टोक्स भी सिर्फ पांच रन ही बना सके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाज़ी के लिये बुलाया, लेकिन गेंद से खासा कमाल नहीं कर सकी। सलामी बल्लेबाज़ जानेमन मलान (57) ने टीम को मज़बूत शुरुआत दिलायी, जिसके बाद वान डेर डुसेन और मार्करम ने इंग्लैंड के बल्लेबाज़ों को पस्त कर विशाल स्कोर खड़ा किया।



# हाईवा ने यात्री बस को मारी ठोकर, 7 लोग गंभीर रूप से घायल

## बस में सवार 3 और चेक पोस्ट पर बैठे 4 लोग हुये घायल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

प्रात: वाहन चेकिंग के दौरान बहुत बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हालांकि हादसे में पुलिस पटवारी सहित 7 लोग घायल हो गये जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है दराअसल विधान सभा घेराव के लिये जा रहे शिक्षा कर्मियों को रोकने नदी मोड में चेकिंग के लिये खड़ी बस को रेत लेकर जा रही हाईवा ने पीछे से ठोकर मार दी जानकारी के मुताबिक प्रांतीय आव्हान पर जिले के शिक्षाकर्मी संघ के विधान सभा घेराव के लिये रायपुर जा रहें थे। प्रशासन की ओर से आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे। शिक्षकों को एनएच 53 नदी मोड में रोकने के लिये निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत नदी मोड़ में अस्थायी चेकिंग पाईंट बनाकर सरायपाली से रायपुर की ओर जा रही बसों एवं सवारी वाहनों की चेकिंग के लिये मौके पर पुलिस और राजस्व विभाग के जवान तैनात थे। जहां सुबह करीब साढें नौ बजे चेकिंग स्टाफ ने सरायपाली से रायपुर की ओर जा रही रायल टेऊव्हल्स की बस सीजी 06 जीएम 3765 को रायपुर की ओर जा रही हाईवा क्रमांक सीजी 04 जेसी 5032 रेत से लदे एक हाइवा ने खड़ी बस को पीछे से ठोकर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बस अस्थायी चेक पोस्ट को तोड़ते हुए गड्ढे में जा गिरी बस में सवार 3 और चेक पोस्ट पर बैठे 4 लोग घायल हुए हैं।



सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए ले जाया गया है। बता दें किए कोतवाली थाना क्षेत्र में भीषण हादसा हुआ है। रॉयल ट्रेवल्स की बस सरायपाली से रायपुर की ओर जा रही बस हादसे का शिकार हो गई है। जहां रेत से लदे एक हाइवा ने खड़ी बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी ठोकर इतनी जोरदार थी किए बस गड्ढें में जा गिरी। हादसे में चेक पोस्ट के 2 पुलिसकर्मी, 2 राजस्व कर्मचारी 3 यात्रियों को चोट आई है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया है। घायलों में एक प्रधान आरक्षक को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार, आज सहायक शिक्षकों के द्वारा विधानसभा घेराव के मद्दे नजर प्रशासन द्वारा एनएच 53 पर घोडारी के पास राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम अस्थाई चेक पोस्ट बनाकर चेकिंग कर रही थी। तभी ये हादसा हुआ है। वहीं घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है। आरोपी ड्राइवर की तलाश जारी है।

### कलेक्टर बंगले समेत सैकड़ों घरों में पानी घुसा

## मूसलाधार बारिश से कई मोहल्ले और कॉलोनियां हुई जलमग्न, पूरा शहर प्रभावित



**बिलासपुर।** बिलासपुर में गुरुवार की शाम हुई मूसलाधार बारिश से कलेक्टर बंगले सहित सैकड़ों घरों में नाले का पानी घुस गया। कलेक्टर बंगले में पानी निकालने के लिए निगम की टीम जुट गई है और मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा है। इधर, शहर के मेन रोड और रिहायशी इलाकों की गलियां लबालब हो गई। डेढ़ घंटे की बारिश से निगम की घोर अव्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम का फेलियर सामने आ गया। राजेंद्र नगर, अज्ञेय नगर, विनोबा नगर, विद्यानगर, मगरपारा, मंझवापारा, मित्र विहार कॉलोनी और सरकंडा क्षेत्र के साथ ही दर्जनों कॉलोनियों में बारिश का गंदा पानी गलियों में नदी की तरह बहते हुए घरों तक पहुंच गया। इस बारिश में ऐसे कई इलाकों, सड़कों में पानी भर रहा है, जहां आज तक जलभराव की समस्या नहीं थी। इसमें व्यापार विहार की स्मार्ट रोड, नर्मदा नगर, नेहरू नगर जैसे कई इलाके शामिल हैं। नगर निगम की पूरी पानी निकासी की व्यवस्था ठप हो गई है। रिंग रोड दो पर बनी पत्रकार कॉलोनी में इतना पानी भरा कि पास स्थित जतिया तालाब की मेड़ तोड़कर पानी उस तक ले जाना पड़ा। करीब 2 घंटे हुई भीषण बारिश से हजारों लोग फंसे रहे। बारिश कम होने के बाद भी सड़कों पर भरे पानी के कारण कामकाजी लोग अपने घर तक पहुंचने के लिए मशक्कत करते रहे। सड़कों में भरे पानी में वाहन आधे से ज्यादा डूबकर खराब भी हुए। बारिश के कारण शहर के अधिकांश हिस्सों में लाइट भी बंद रही।

## एक नजर

### कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति का लिया जायजा



**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज टीकरकला स्थित संयुक्त जिला कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होने पशु चिकित्सा सेवाएं, महिला एवं बाल विकास, खनिज, आबकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी सहित विभिन्न कार्यालयों में जाकर उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को नियत कार्यालयीन समय में उपस्थित रह कर निष्ठा पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

### ई-केवायसी 31 जुलाई के पूर्व करवाना अनिवार्य

**बिलासपुर ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवायसी का सत्यापन कार्य किया जाना है। ई-केवायसी सत्यापन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 तक है। इस तारीख तक ई-केवायसी की प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले किसानों को अगली किस्त का पैसा नहीं मिलेगा। किसान पीएम किसान योजना के लिए ई-केवायसी कार्य कर सकते है। किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जा कर अपना ई-केवायसी करवा सकते है। इसके अलावा घर बैठे ऑनलाईन पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते हैं। इसके लिए आपके आधार कार्ड में आपका मोबाईल नंबर लिंक होना चाहिए। लिंक होने के बाद आप कम्प्यूटर अथवा मोबाईल से ओटीपी के जरिये ई-केवायसी घर बैठे पूरी कर सकते हैं। जिसका लिंक https://e&link.pmkisan.gov.in/aadharekyc.asp& है। सत्यापन कार्य होने के पश्चात् ही योजना के किस्त की राशि कृषकों को प्राप्त होगी। वर्तमान में बिलासपुर एवं गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में अभी भी 66 हजार 713 कृषकों द्वारा ई-केवायसी कार्य नहीं कराया गया है। उप संचालक कृषि ने अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए सभी किसान 31 जुलाई 2022 के पूर्व अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप पूर्ण करा लें।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 24 जुलाई को मूर्ति अनावरण और विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करेंगे

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत आगामी 24 जुलाई रविवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे कार से पसान से प्रस्थान कर 1:30 बजे पेंड्रा पहुंचेंगे और हाई स्कूल स्विमिंग पूल के सामने स्वर्गीय बिसाहू दास महंत जी के मूर्ति का अनावरण करेंगे। इस अवसर पर डॉ महंत नगर पंचायत पेंड्रा के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण करने के बाद शाम 4 बजे कोरबा जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।



### दत्तात्रेय गार्डन गौरेला का हो रहा है कायाकल्प

## आकर्षक लाइटिंग, झूले, ओपन थियेटर, पाथवे बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** गौरेला-पेंड्रा मुख्य मार्ग पर कलेक्टर निवास के सामने स्थित दत्तात्रेय गार्डन गौरेला का चालीस लाख रूपए की लागत से कायाकल्प हो गया है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज स्थल निरीक्षण कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, गौरेला नगर पंचायत की अभियंता एवं संबंधित निर्माण एजेंसी को गार्डन का सौंदर्यीकरण के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने गार्डन में आकर्षक झूले लगाने, डिजाइनदार एवं आकर्षक लाइट लागाने, टाईल्स युक्त पाथवे बनाने और अर्धचंद्राकार डिजाइन में ओपन थिएटर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गार्डन में उद्यान और वन विभाग के समन्वय से रुद्राक्ष आदि औषधीय एवं धार्मिक महत्व के पौधे भी लगाने को कहा। उन्होने गार्डन के मेन-गेट के बाजू से छोटा घुमावदार लोहे का गेट लगाने तथा गार्डन के बाउंड्री वाल पर जनजातीय संस्कृति से संबंधित भित्ति चित्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं-पर्यटकों की सुविधा के लिए गार्डन के अंदर बेंच एवं छतरी लगाने तथा गार्डने के बाहर रेस्टोरेंट की सुविधा उपलब्ध कराने और गार्डन के संचालन एवं रख-रखाव के लिए समिति गठित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर गौरेला नगर पंचायत के सीएमओ श्री विष्णु यादव, तहसीलदार पेंड्रारोड श्री अविनाश कुजुर, गौरेला नगर पंचायत की अभियंता श्रीमती भगवति कंवर एवं संबंधित निर्माण एजेंसी के लोग उपस्थित थे।

# अवैध उत्खनन को देखकर कलेक्टर ने कार्रवाही करने का दिया निर्देश

### मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारी वाहनों की बनाई जप्ती

बिलासपुर। खनिज विभाग के अधिकारी जिले में रेत घाटों पर अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतों को झुठला रहे थे। कलेक्टर सौरभ कुमार ने मौके पर यह सब देखा।



नाराज कलेक्टर ने मौके से ही जिला खनिज विभाग के उप संचालक को फोन लगाया और कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर की नाराजगी का असर भी हुआ। जिला खनिज विभाग के अधिकारी रेत घाट पर पहुंचकर अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे वाहनों की जब्ती बनाई।

गुरुवार को कलेक्टर सौरभ कुमार अपने चेंबर से दोपहर भोजन के लिए बंगला रवाना हुए। वाहन चालक को घुटकू की तरफ गाड़ी मोड़ने का आदेश दिया। जैसे ही वे नदी किनारे पहुंचे वहां यह देखकर दंग रहे गए कि पानी से भरी अरपा नदी में पोकलेन के जरिए रेत की खोदाई की जा रही है। रेत परिवहन के लिए दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर को चालकों ने लाइन से खड़ा कर दिया था। दूसरी तरफ बड़े वाहन भी कतार में खड़े दिखाई दिए। कलेक्टर ने मौके से ही खनिज विभाग के उप संचालक दिनेश मिश्रा को फोन लगाया और घुटकू में चले रहे अवैध उत्खनन और परिवहन की जानकारी दी।

उनका इतना कहना था कि अमला बिना समय गंवाए घुटकू रेत घाट की तरफ रवाना हो गया। खनिज अधिकारी राहुल गुलाटी के नेतृत्व में विभागीय टीम घुटकू पहुंची। विभागीय अमले को देखते हुए वाहनों के चालक वाहन को नदी किनारे व पोकलेन को नदी में छोड़कर भाग खड़े हुए। मौके पर ट्रैक्टर, पोकलेन व हाइवा खड़े थे। सभी वाहनों की जब्ती बनाई गई।

### माफिया की सिफारिश करते रहे कांग्रेस नेता

रेत माफिया को जैसे ही छापामार कार्रवाई की जानकारी मिली विभाग की कार्रवाई रुकवाने कांग्रेस के एक दिग्गज नेता को फोन किया। कांग्रेस नेता ने कार्रवाई रुकवाने विभागीय अधिकारियों पर जमकर दबाव बनाया। खनिज निरीक्षक को फोन कर कार्रवाई रोकने और वाहनों को छोड़ने दबाव बनाया। बात नहीं बनी तो धमकाते भी रहे। विभागीय अधिकारी ने कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की जानकारी देते हुए अपने आला अफसर से संपर्क करने की बात कही और फोन काट दिया।

# बिलासपुर प्रेस क्लब में हुआ कोरोना वैक्सिनेशन का आयोजन

**बिलासपुर ।** बिलासपुर प्रेस क्लब में आज कोविड-19 के बूस्टर डोज समेत पहला व दूसरा डोज़ लगाने का केम्प आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकार और उनके परिजन सहित 175 लोगों ने कोरोना वैक्सीन लगवाई। कोरोना के बढ़ते मामले को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर प्रेस क्लब ने कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेस क्लब में कैंप का आयोजन कराया, सुबह 10.30 बजे से शुरू हुए इस वैक्सीनेशन कैंप में बड़ी संख्या में पत्रकार व उनके परिजन पहुंचते रहे, दोपहर 3 बजे तक चले इस कैम्प में 175 लोगों कोरोना का टीका लगवाया।




टीसीआई फाउंडेशन के डॉक्टर आशुतोष अभिषेक, विशाल सिंह, ऋतु चंद्राकर अपनी टीम के साथ टीकाकरण के कार्यो को सफल अंजाम दिया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ अनिल श्रीवास्तव भी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेन्द्र गहवई, पूर्व अध्यक्ष तिलकराज सलूजा, उपाध्यक्ष विनीत चौहान, सचिव इरशाद अली, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, सह सचिव भूपेश ओझा, कार्यकारिणी सदस्य ऋतु साहू समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स को बेचने के फिराक में घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** बिलासपुर सिरगिट्टी क्षेत्र के दो युवक बाइक चोरी कर उसके पार्ट्स गैरेज संचालकों को बेचने के लिए पहुंचे थे। इसकी जानकारी होने पर सिविल लाइन पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद युवकों के कब्जे से चार बाइक के पार्ट्स जब्त किए हैं। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया है। सिविल लाइन पुलिस को बुधवार की दोपहर सूचना मिली कि दो युवक शहर के अलग-अलग गैरेज में बाइक के पुराने पार्ट्स बेचने के लिए संपर्क कर रहे हैं। चोरी की बाइक के पार्ट्स होने की आशंका पर पुलिस ने





महाराणा प्रताप चौक के पास घेराबंदी कर नितेश कुमार टंडन(25) निवासी सत्यानगर सिरगिट्टी और भुवन सोनवानी(20) निवासी इंद्रपुरी तिफरा को पकड़ लिया।

पूछताछ में दोनों गोलमोल जवाब दे रहे थे। इस पर युवकों को थाने लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई। इस पर उन्होंने तालापारा और मैग्नेटो माल के पास बाइक चोरी करना स्वीकार किया। इसके अलावा उन्होंने सिरगिट्टी क्षेत्र के इंद्रपुरी से दो बाइक चोरी करने की जानकारी दी। आरोपित युवकों के कब्जे से चार बाइक के पार्ट्स जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# विवादास्पद सीईओ को हटाने पूरे प्रदेश के सचिव करेंगे हड़ताल, छठवीं बार एक ही जगह पदस्थ जनपद सीईओ

जोहार छत्तीसगढ़-छत्तीसगढ़ कोरबा।

जिले के कटघोरा जनपद पंचायत में छठवीं बार पदस्थ किए गए। विवादास्पद मुख्य कार्यपालन अधिकारी एचएन खोटेल के विरुद्ध आंदोलन अब जिला और राज्य स्तर पर होने वाला है। सचिव संघ ने इसका ऐलान कर दिया है।

शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया है कि यदि 24 जुलाई तक खोटेल को नहीं हटाया गया तो 25 जुलाई से सिर्फ कटघोरा जनपद ही नहीं बल्कि पूरे जिले और राज्य भर के सचिव काम बंद कलम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे। सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा गरवा घुरवा बाड़ी, गौधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान सहित अन्य तमाम कल्याणकारी योजनाओं पर भी असर पड़ेगा। सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष तुलसी साहू ने इस आशय की सूचना प्रशासन को दे दी है। देखना यह है कि खोटेल जो कि अपनी



पदस्थापना के बाद से ही विवादों और सुर्खियों में रहे हैं और जिनका विरोध करतला जनपद पंचायत में जाने के बाद भी वहां के विधायक ननकीराम कंवर से लेकर सरपंचों पंचों सचिवों ने किया। उससे भी अनेक सवाल उठते हैं। सवाल जायज है कि आखिर तमाम विरोध के बाद भी खोटेल को जनपद की जिम्मेदारी बार-बार क्यों सौंपी जा रही है। क्या उनके अलावा दूसरा कोई अधिकारी नहीं है जिसे जनपद का सीईओ पदस्थ किया जा सके वैसे भी सीईओ बने रहने के लिए खोटेल के द्वारा साम दाम दंड भेद की नीति भी अप्रत्यक्ष तरीके से अपनाई जा रही है जिसका उदाहरण पिछले दिनों सामने आया जब कुछ सरपंचों ने उनके समर्थन में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जबकि इससे पहले के सचिवों के आंदोलन में सरपंचों से लेकर जनपद सदस्यों ने सीईओ को हटाने की मांग संयुक्त रूप से की थी।हालातों के बदलने के साथ ही निष्ठा भी बदलती जाती है जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। एक अधिकारी का मानना है कि किसी अधिकारी का इतना विरोध और बार-बार विरोध होता हो तो उसे खुद ही मिलने वाले विवादित पद का त्याग कर अपने मूल पद स्थापना में रहने का आग्रह भी प्रशासन से कर देना चाहिए। बताया जा रहा है कि इस बार वे कोर्ट के आदेश उपरांत कटघोरा में पदस्थ हुए हैं लेकिन आखिर ऐसा क्या है कि खोटेल सीईओ बनने के लिए लालायित रहते हैं और विवादों में घिरे रहने के बाद भी इससे दूर होने का प्रयास नहीं करते।

# आयकर विभाग के 163 वें स्थापना दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आयकर विभाग के 163 वें स्थापना दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयकर विभाग रायगढ़ द्वारा शहर के ग्राम कुसमुरा स्थित द राइजिंग किड्स विद्यालय के प्रांगण में आज पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें आंवला नीम सहित विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार प्रजाति के लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया इस पौधारोपण का विशेष आकर्षण था दुर्लभ प्रजाति का रुद्राक्ष पौधा उल्लेखनीय है कि सावन का महीना चल रहा है भगवान भोलेनाथ को रुद्राक्ष अत्यंत प्रिय है इसलिए आज के इस कार्यक्रम में इस पौधे को विशेष रुप से मंगवाया गया था। आयकर विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 24 जुलाई को आयकर दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में द राइजिंग किड्स स्कूल में शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ यह प्रतिज्ञा लेते हुए कि हम सब एक सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण के लिए पेड़ लगाएंगे प्रदूषण से जन जीवन की रक्षा के साथ स्वस्थ सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण करेंगे। लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया इस अवसर पर आयकर अधिकारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अभिन्न अंग है एवं समग्र जीवन के विकास के लिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना और उसकी रक्षा करना आवश्यक है हम अपने जीवन में जीविकोपार्जन के लिए जितना महत्व अर्थ उपार्जन को देते हैं उतना ही हमें अपने सुरक्षित और स्वस्थ जीवन के लिए पौधारोपण को भी देना चाहिए। आयकर अधिकारी सुजीत विश्वास ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए यह कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए हर व्यक्ति को पेड़ लगाना आवश्यक है क्योंकि पेड़ हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं और अपनी हरियाली द्वारा ग्लोबल वार्मिंग जैसे वैश्विक समस्या को कम करते हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन एवं संचालक अरुण कातोरे को धन्यवाद दिया इस अवसर पर अरुण कातोरे ने कहा कि कोरोना काल में हमें ऑक्सीजन का महत्व का पता चला हमें समझ आया कि ऑक्सीजन की कितनी कीमत होती है उसके बाद प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वह कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं उन्होंने अपने विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण के लिए पधारे आयकर विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं आयकर सलाहकार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल और सचिव हीरा मोटवानी का आभार प्रकट किया आज के कार्यक्रम में आयकर विभाग के आयकर निरीक्षक देव नारायण नायक कार्यालय अधीक्षक जयंत भोई वरिष्ठ कर सहायक संजीत पांडे कर सहायक कमलनयन और राजेश का सक्रिय योगदान रहा।

## एक नजर

### अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु शासन द्वारा अंत्योदय/ आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना में सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के व्यवसाय संचालित करने हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए है। उक्त योजना अंतर्गत आवेदक को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए। प्रमाण-पत्र सरपंच, पार्षद एवं आय प्रमाण-पत्र पटवारी द्वारा जारी प्रस्तुत करना होगा। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने पर 40 हजार 500 रुपये एवं शहरी क्षेत्र का निवासी होने पर 51 हजार 500 रुपये से अधिक न हो। गरीबी रेखा सर्वे सूची में नाम हो, आवेदक का नाम राशन कार्ड में हो, पेन कार्ड की छायाप्रति, पूर्व में किसी योजना में लाभ नहीं लिया हो का शपथ पत्र देना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 50 वर्ष से अधिक न हो। योजना में बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 10 हजार रुपये जो भी कम हो अनुदान का प्रावधान है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन कर सकते है। आवेदन कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में प्राप्त कर जमा कर सकते है। आवेदन में कांट-छांट, ओव्हरराईटिंग इत्यादि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### जिले में 393.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 जुलाई तक 393.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 493.4 मिली मीटर, पुसौर में 517.5, खरसिया में 355.9, सारंगढ़ में 592.9, बरमकेला में 397.3, घरघोड़ा में 325.2, तमनार में 461.4, लैलूंगा में 315.5, धरमजयगढ़ में 276.3, सरिया 292.1 एवं छाल तहसील में 300.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आईटीआई लैलूंगा में व्हीटीपी कोर्स में प्रवेश हेतु 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु वर्ष 2022-23 में आईटीआई लैलूंगा में प्रवेश प्रारंभ किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण हेतु व्हीटीपी रजिस्टर्ड कोर्स में 30 जुलाई 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसमें कोर्स प्लम्बर (जनरल)में रिक्त सीटों की संख्या 20 है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक कार्यालयीन समय में कार्यालय प्रशिक्षण अधीक्षक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, लैलूंगा में आवेदन जमा कर सकते है।

# समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय जशपुर में जय हो टीम ने किया जागरूक





जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन विगत दिवस समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय जशपुर में जिला समन्वयक वीर द्रविन कुमार एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक दीपा गुप्ता के द्वारा किशोर-किशोरी सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम एवं जय हो कार्यक्रम पर केजीबीव्ही के अधीक्षकों को जागरूक किया गया। साथ ही अधीक्षकों द्वारा सभी बालिकाओं को जागरूक करने के साथ-साथ जय हो कार्यक्रम से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

# महिला क्रिकेट में मिली शानदार सफलता

## जिले से 3 खिलाड़ी का चयन छत्तीसगढ़ टीम में







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला क्रिकेट संघ द्वारा किये जा रहे प्रयासों से क्रिकेट में सफलता का परचम लहराता जा रहा है। इसी क्रम में महिला क्रिकेट में भी 3 महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि महिला क्रिकेट के लिये अंडर 19 में 2 खिलाड़ी अंडर 23 में एक खिलाड़ी का चयन छत्तीसगढ़ के लिये किया गया है। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों महिला क्रिकेट का ट्रायल लेकर जिले की टीम राजधानी रायपुर में स्टेट ट्रायल के लिए भेजी गई थी। जिसमें से मनसा साव, भूमि मैत्री का चयन अंडर 19 की छत्तीसगढ़ टीम के लिए और ममता भगत का चयन अंडर 23 की छत्तीसगढ़ टीम के लिए किया गया है। जल्द ही ये खिलाड़ी रायपुर में लगने वाले कैंप में शामिल होंगे। जहां ट्रेनिंग के पश्चात अन्य राज्यों की टीमों के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर मैच में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि जिले से लगातार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर हो रहा है। पिछले दिनों युवा खिलाड़ी सचिन चौहान अंडर 23 छत्तीसगढ़ टीम के लिए चुने गए है। इन महिला खिलाड़ियों के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफ र उल्लाह सिद्धीकी, वरिष्ठ अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, रवि सिंह, शानू भयानी, अमित कुंवर आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# स्वच्छ गांव हरा गांव के तहत नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ ने लैलूंगा ब्लाक के स्कूल,कॉलेज एवं गांव-गांव जाकर पौधा वितरण कर वृक्षारोपण किया





जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

लैलूंगा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नेहरू युवा केंद्र द्वारा लैलूंगा ब्लाक के स्कूल, कॉलेज एवं गांव-गांव जाकर पौधा वितरण कर पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम जुलाई से सितम्बर तक चलाया जाएगा लैलूंगा ब्लाक के अनुविभागीय अधिकारी डीआर रात्रे, से मुलाकात कर नेहरू युवा केंद्र के बारे अवगत कराया गया एंव वन परिक्षेत्र अधिकारी, जिला पंचायत परियोजना अधिकारी से मुलाकात कर पौधारोपण के लिए सभी के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया।

रायगढ़ जिले के युवा अधिकारी चन्द्र भूषण चौबे निर्देशानुसार एंव लैलूंगा ब्लाक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रमेश चौहान, चंदन पटेल के मार्गदर्शन में लैलूंगा ब्लाक में स्वच्छ गांव हरा गांव वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जुलाई से सितम्बर तक किया जायेगा हम जानते हैं पृथ्वी में पेड़ पौधा कितना जरूरी है जो वातावरण को स्वच्छ और शुद्ध बनाकर रखती है।

मानव जीवन के लिए पेड़ पौधा होना आवश्यक है। क्योंकि पेड़ पौधे के अंधाधुंध कटाई से आजकल प्रदूषण बहुत बढ़ गया है जिससे पृथ्वी पर मानव जीवन संकट आ गया है इसलिए नेहरू युवा केंद्र द्वारा स्वच्छ गांव हरा गांव वृक्षारोपण अभियान जुलाई से सितम्बर तक आयोजित किया गया जा रहा है यह कार्यक्रम गांव के युवा मंडलो को पौधा वितरण कर वृक्षारोपण करने के लिए जागरूक किया जा रहा है वृक्षारोपण अभियान मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि शुद्ध हवा हमें पेड़ों से ही मिलती है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जिससे हमारी पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त करा सकें।

# छत्तीसगढ़ सरकार का शिक्षा में एक और नवाचार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**आस-पास के स्कूल आपस में खेल शिक्षक, प्रयोगशालाएं खेल के मैदान, जिम, पाठ्य सामग्री करेंगे साझा**

*** शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का होगा अधिकतम उपयोग करने का हो रहा प्रयास**

स्कूली बच्चे अब आस-पास के स्कूल में उपलब्ध प्रयोगशाला, खेल के मैदान, जिम उपकरणों, पाठ्य सामग्रियों और खेल शिक्षकों के अनुभव का लाभ ले सकेंगे। इस संबंध में समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक नरेंद्र दुग्गा ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर शालाओं में उपलब्ध विभिन्न संसाधनों का बच्चों के हित में अधिकतम एवं बेहतर उपयोग करने के लिए कहा है। सभी अधिकारियों को राज्य स्तरीय निरीक्षण से पहले शत-प्रतिशत शालाओं में इसे लागू करने कहा गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शालाओं के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आ रही है कि शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का अपेक्षित एवं प्रभावी उपयोग नहीं हो पा रहा है। शालाओं में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग न कर पाने की इस समस्या को दूर करने के लिए सभी शालाओं में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिले में विभिन्न शालाओं में कार्यरत पीटीआई की विशेषज्ञता का लाभ आसपास के शालाओं में भी लिया जा सके, इस हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं करें, जिससे विभिन्न खेलों का लाभ अधिकाधिक शालाओं में मिल सके। अटल टिंकरिंग शालाओं में उपलब्ध प्रयोगशालाओं का लाभ आसपास के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी सुलभ करवाते हुए उन्हें विभिन्न प्रयोगों को करने एवं उपकरणों के अवलोकन का अवसर प्रदान करें। कुशल स्त्रोत व्यक्तियों और कुशल शिक्षकों का चिह्नांकन कर अन्य शिक्षकों का क्षमता विकास करें। खेल का मैदान, जिम के उपकरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं किसी एक शाला में होने की स्थिति में उसका लाभ आसपास की अन्य शालाओं के बच्चे ले सकें। शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि पाठ अनुसार ई.सामग्री की खोज इंटरनेट से करते हुए विषय अनुसार उपयोगी सामग्री को स्कूलों द्वारा आपस में पेन ड्राईव के माध्यम से साझा किया जा सकता है। ई-सामग्री को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से बच्चों को सीखने में सहयोग देने हेतु उपयोग में लाया जा सकता है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा कोड़ातराई मण्डल का आगामी जिला रोजगार कार्यालय घेराव

## मुख्यमंत्री निवास घेराव को लेकर बैठक में बनी रणनीति



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारतीय जनता युवा मोर्चा रायगढ़ द्वारा आगामी 26 जुलाई को रोजगार कार्यलय घेराव किया जाना है जिसके तहत समस्त मंडलों में बैठक आयोजित कर संगठनात्मक चर्चा किया जा रहा है। शुक्रवार को कोड़ातराई मंडल के ग्राम मिडमिडा में बैठक रखा जिसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा जिस तरह से चुनावी वादे किये थे और गंगाजल को छूकर शराब बंद एवं अन्य विषयों में कसम खायी थी तथा उसको अभी तक पूर्ण नहीं किये हैं इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित आज के युवा वर्ग है युवाओं को कांग्रेस सरकार ने बेरोजगारी भत्ता देने की बात की थी वह अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है जिसमें विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के समस्त कार्यकर्ताओ 24 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री निवास घेराव किया जाएगा। ऐसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गयी, बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष उजागर चौहान द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता व बैठक के सह प्रभारी नीतीश चौहथा ने कहा संगठन का हर कार्यकर्ता संगठन के प्रति सच्चाई निष्ठा रखता है जो भारतीय जनता पार्टी के अनुशासन में रहकर हर कार्यकर्ता को विरासत में मिली है जिसे हम सब को आगामी कार्यक्रम को मिलकर पूर्णत: सफल बनाना है। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा अनुजाति मोर्चा जिला महामंत्री खुशीराम चौहान, मण्डल महामंत्री राधेश्याम भोय, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि खेमराज नायक, कोषाध्यक्ष साई राज आज के बैठक प्रभारी भाजयुमों जिला से प्रसिक्षण प्रमुख ओमकार तिवारी, भाजयुमों जिला कार्यालय मंत्री नितीश चौहथा, युवा मोर्चा अध्यक्ष उजागर चौहान, मण्डल मंत्री महिमा चौहान, दिनेश सुरेंद्र पाल, दिनेश गुप्ता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मण्डल अध्यक्ष, ईस्व सिदार भाजयुमों मण्डल उपाध्यक्ष, ओमकार गुप्ता सह कार्यालय मंत्री लोकेश बारीक प्रसिक्षण सह प्रमुख, आजाद देवता युवा मोर्चा, सुमंत चौहान सोशल मिडिया प्रभारी एवं भाजयुमो कोड़ातराई मंडल समस्त कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# घरघोड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 5 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

## आरोपी केन्द्रीय जेल में था निरूद्ध, छुटने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त





जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

घरघोड़ा पुलिस नशे के अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशानुसार एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रवीण मिंज के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कंचनपुर तिराहा पर गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार करते आरोपी खालिद शेख को पकड़ा है। जिसके पास से 5 किलो गांजा जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपी खालिद शेख बिना पहचान पत्र और मोबाइल रखे अपना नेटवर्क बढ़ा रहा था। जिसके मूलत:: बंगलादेशी होने और दिल्ली व अन्य राज्यों में क्रिमीनल रिकार्ड की जानकारी मिल रही है। 21 जुलाई 2022 के दोपहर थाना प्रभारी घरघोड़ाप्रवीण मिंज को मुखबिर से सूचना मिला कि धरमजयगढ़ मेन रोड बायपास कंचनपुर तिराहा के पास एक व्यक्ति थैला में गांजा लेकर बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर थाने से उप निरीक्षक एडमोन खेस हमराह स्टाफ के साथ कार्रवाई के लिये रवाना हुये। मौके पर मुखबिर द्वारा बताये संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे कार्यवाही से अवगत कराते हुए पहले उसके आने का कारण एवं पहचान के संबंध में पहचान पत्र की मांग किये। जिसके जवाब में संदेही ने बताया कि उसके पास ना ही कोई आईडी है और ना ही मोबाइल। संदेही और उसके थैला की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें 5 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 25 हजार 5 सौ रूपये का मिला। पूछताछ में आरोपी अपना नाम खालिद शेख पिता मुजफ्फर अली उम्र 32 वर्ष निवासी मकान नं. एस/334 ओखला सब्जी मंडी रेल्वे स्टेशन के सामने थाना अमर कालोनी नई दिल्ली हाल मुकाम चांदनी चौंक रायगढ़ थाना सिटी कोतवाली रायगढ़, जिला रायगढ़ छग बताया। साथ ही कबूल किया कि वह अवैध बिक्री के लिये गांजा बेचने घरघोड़ा आया था। आरोपी खालिद शेख पर थाना घरघोड़ा में 20 बी,एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के संबंध में अंतराल के जिलों से जानकारी लेने पर आरोपी वर्ष 2015 में डकैती केस में शामिल था जिसे 7 साल की सजा हुई थी जो केन्द्रीय जेल बिलासपुर में निरूध था। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण मिंज, उप निरीक्षक एडमोन खेस, सहायक उप निरीक्षक विलफ्रेड मसीह, आरक्षक नंदकुमार पैंकरा और पुरूषोत्तम सिदार की अहम भूमिका रही।

# भाजपा किसान मोर्चा ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## सहकारी समिति में तालाबंदी व विद्युत विभाग प्रांगण में धरना प्रदर्शन





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

प्रदेश भाजपा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों में तालाबंदी एवं विद्युत विभाग में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था। जिसके लिए विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी। प्रदेश भर में खाद की कमी एवं अघोषित रूप से बिजली कटौती के खिलाफ तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन करने निर्देश किया जा रहा है। धरमजयगढ़ में भी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित धरमजयगढ़ में ताला जड़ दिया। जिसके बाद विद्युत विभाग के प्रांगण में धरना प्रदर्शन करते हुए राज्य के कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आंदोलन को संबोधित करते हुए टीकाराम पटेल ने कहा कि सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। खाद की कमी के कारण पूरे प्रदेश में किसान परेशान हैं। वहीं वर्मीकम्पोस्ट के नाम पर किसानों को कचरा दिया जा रहा है। वहीं अघोषित रूप से बिजली कटौती से किसान और त्रस्त हो रहे हैं। लीनव राठिया ने संबोधित करते हुए कहा कि बड़े बड़े वादा करके सरकार में बैठी कांग्रेस की पोल खुल गई है। बिजली बिल हाफ करने की घोषणा करने वाली कांग्रेस बिजली ही हाफकर दी है। ग्रामीण क्षेत्र में किसान बिजली कटौती से परेशान होकर नदी नाले को बांधकर खेती कर रहे हैं। तारासिंह राठिया ने भी कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में किसान चौतरफा परेशानी में फंस गया है। समय पर बीज नहीं मिलनाए खाद की कमी के साथ-साथ अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान खेती नहीं कर पा रहा है। आंदोलन को रामनाथ बैगा सहित अनेक पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार को खरी खोटी सुनाई। धरना प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता बिजली विभाग कार्यालय से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय धरमजयगढ़ पहुंचे। जहां राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

### एक नजर

## चरित्र शंका को लेकर पड़ोसी ने की महिला की पिटाई

जोहार छत्तीसगढ़-कुड़ेकेला।




छाल थाना क्षेत्र के एक ग्राम में चरित्र शंका पर महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है जिस पर पुलिस संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र में चरित्र शंका को लेकर एक पड़ोसी व्यक्ति द्वारा एक महिला से मारपीट की घटना सामने आई है। बता दें, पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अशोक बसोड के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। धरमजयगढ़ के छाल थाना क्षेत्र की इस घटना के संबंध में प्रार्थिया ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बीते 20 जुलाई को वह घर में अकेली थी। उसी दौरान दोपहर के समय पड़ोस में रहने वाला अशोक बसोड कथित तौर पर उस पर लांछन लगाते हुए गाली गलौज करने लगा। जिस पर पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी अशोक बसोड के खिलाफ धरा 294, 323, 451 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है, और आगे की कानूनी कार्यवाई कर रही है।

## मानसिक रोग से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार हेतु कुनकुरी में शिविर लगाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मानसिक रोग से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में जिले के मानसिक स्वास्थ्य पेशावरों के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मनो वैज्ञानिकीय चिकित्सकीय एवं भेषज चिकित्सकीय पद्धति के माध्यम से मनोविदलता 15, अवसाद 10, चिंता संबंधी मानसिक विकार 8, ओसीडी 5,ल्कोहल निर्भता 10, निकोटिन निर्भरता 10, बाई पोलर अफैक्टिव मूड डिसऑर्डर 3, तनाव संबंधी मानसिक विकृति 5 सहित कुल 66 मानसिक रोग से प्रभावित व्यक्तियों का उपचार किया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ डी.के अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ.एम,देवॉगन, मनोवैज्ञानिक डॉ.ए खान, सीनियर नर्सिंग अधिकारी वी कुजूर सामाजिक कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य एएस एक्का शिविर में उपस्थित होकर प्रभावित व्यक्तियों का उपचार किया गया।

## कन्नेवाड़ा पर्रेगुड़ा बरही मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया का स्वीकृति पश्चात किया जाएगा निर्माण

**बालोद** । लोक निर्माण विभाग बालोद अंतर्गत कन्नेवाड़ा पर्रेगुड़ा बरही मार्ग में स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण स्वीकृति पश्चात किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उक्त पुलिया का निर्माण वर्ष 2007 में हुआ था। उन्होंने बताया कि 16 और 17 जुलाई 2022 को चैबीस घंटे लगातार भारी वर्षा एवं पुलिया के उपर भाग में बांध है, बांध से ओव्हर फ्लो होने से पानी का तेज बहाव के कारण पुलिया के दोनो ओर एप्रोच बह गया। उन्होंने बताया कि यह पुल पूर्व से ही क्षतिग्रस्त था, आवागमन के सुगम संचालन हेतु पाईप पुलिया डाला गया था, जो मिट्टी मुरूम के साथ बह गया।

# तालाब में डूबकर पोता पोती एवं दादी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

### गांव में पसरा मातम, पुलिस संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की कर रही जांच

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





मासूम पोता पोती समेत दादी का शव तालाब में संदिग्ध परिस्थिति में मिला है। यह अचानक हुई दुर्घटना है या फिर मामला कुछ और हैए इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र करतला में यह घटना गुरुवार की सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। यहां निवासरत बेलाल कंवर 55 वर्ष अपने पुत्र विजेंद्र सिंह व बहू के साथ खेत में काम करने चला गया था। उसकी पत्नी सुरूज बाई कंवर 50 साल, पोती जानवी आठ वर्षए पोता अखिल पांच वर्ष घर पर थे। सुबह करीब 9:30 बजे सुरूज बाई भी पोता पोती को लेकर जंगल की तरफ पुटू तोड़ने चली गई। गांव के निवासी ननकी राठिया तालाब पहुंचा, तब उसे पानी में सुरूज बाई व उसके पोता. पोती का शव दिखाई दिया। इसकी जानकारी उसने समीप ही खेत में काम कर रहे देवेंद्र राठिया को दी। बाद में इस घटना की सूचना करतला थाना में दी गई। जानकरी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई। इधर सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक विनोद खांडे टीम के साथ स्थल पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया। पंचनामा व अन्य वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को तालाब के समीप ही एक लाल रंग के झोले में पुटू मिला है। तीनों की मौत कैसे हुई। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। करतला थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि पुटू तोड़ने के बाद तीनों हाथ पैर थाने से लगे तालाब में गए होंगे और इस बीच कोई एक पानी में डूबने लगाए तब उसे बचाने के चक्कर में तीनों एक-एक कर पानी में डूब गए होंगे। उन्होंने कहना है कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया गया। एक ही घर से तीन सदस्यों की एक साथ मौत होने की घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### सफलता की कहानी

# पॉवर वीडर से रंजीत को अब खेती करने में हो रही आसानी

### उद्यान विभाग ने 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया मशीन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



## राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का मिला लाभ

दूरस्थ अंचल के किसानों के उद्यान विभाग की योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। किसान उद्यान विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ उठा रहे हैं। योजना का लाभ लेने वाले लाभान्वित किसान दुलदुला विकासखंड के ग्राम बंगुरकेला निवासी रंजीत सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत 1 लाख रुपए की लागत का पॉवर वीडर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पॉवर वीडर उपलब्ध कराया गया है। किसान रंजीत ने बताया कि वे अपने खेतों में उद्यानिकी फसलों के साथ विभिन्न प्रकार के फलए सब्जियों का उत्पादन करते हैं। पूर्व में खेतों करने में काफी परेशानियॉ होती थी। किराये पर ट्रेक्टर लेना पड़ता था। लागत भी अधिक आती थी और समय पर कार्य भी नहीं हो पाता था। सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा प्राप्त पॉवर वीडर से अब खेती किसानी आसानी से हो जाती है। खतपतवार नियंत्रण भी जो जाता है। साथ ही समय एवं राशि की भी बचत होती है। जिससे आय में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# नेशनल हाईवे 43 में पत्थलगांव से कुनकुरी के लिए होगा रिवाइज टेण्डर-सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय लोकसभा सत्र के दौरान सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर नेशनल हाईवे 43 सड़क की दुर्दशा से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि जशपुर से कुनकुरी का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच लुड़ेग तक काम हुआ है। और पत्थलगांव शहर में अंदर की सड़क चलने लायक भी नही है। साथ ही बाईपास का काम शुरू नही हुआ है। अम्बिकापुर से पत्थलगांव के बीच का निमार्ण कार्य भी 70 प्रतिशत हुआ है। सांसद गोमती साय की जानकारी देने पर नेशनल हाईवे के दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ के अधिकारियों से माननीय मंत्री गडकरी एवं राज्य मंत्री जनरल डॉक्टर विजय कुमार सिंह द्वारा बैठक कर कुछ आंतरिक निर्णय लिए गए है। सांसद गोमती साय की शिकायत पर कड़ा निर्णय लेते हुए जिस कंपनी (जीव्हीजी)को पूर्व में सड़क निर्माण का ठेका लिया था। उसे हटा दिया गया है। और अम्बिकापुर से पत्थलगांव का कार्य पूर्व में कार्य कर रहे बाला जी बिल्डकॉन द्वारा ही किया जायेगा। उनके कार्य का समय सीमा बढ़ा दिया गया है। पत्थलगांव से कुनकुरी तक के सड़क निर्माण के कार्य के लिए रिवाइज टेंडर विभाग द्वारा जारी किया जाएगा। जिसमे समय सीमा में कार्य कराया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय राज्य सड़क परिवहन मंत्री जनरल डॉक्टर विजय कुमार सिंह द्वारा आश्वस्त कराया गया है कि नेशनल हाईवे 43 का निर्माण का कार्य शीघ्रता से किया जाएगा।


## आवश्यकता है

| | पद |
|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# धरमजयगढ़ में हुआ खेल मड़ई कार्यक्रम का आयोजन

### जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



शुक्रवार को धरमजयगढ़ के दशहरा मैदान में खेल मड़ई कार्यक्रम आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने का लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन के लिए विभागीय कवायद लगातार जारी है। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ के दशहरा मैदान में खेल मड़ई का शुभारंभ हुआ। जिसमें पारंपरिक खेलों की एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि व अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों व विभागीय अधिकारियों ने विस्मृति के कगार पर जा रही पारंपरिक खेलों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की यह योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय के छात्रों के जीवन को एक नया आयाम देने का कार्य कर रही है। जिससे प्रतिभाओं को एक उचित मंच मिल रहा है और वे अपना सुनहरा भविष्य गढ़ने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। खेल मड़ई के इस प्रतियोगिता की शुरुआत कबड्डी, गुलेल, तीरंदाजी, बोरा दौड़, त्रिटंगी, गेड़ी दौड़, और भौरा के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया। इस आयोजन के दौरान धरमजयगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष पुनीत राठिया, उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष टार्जन भारती, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि मनदीप सिंह कोमल, बीईओ एस आर सिदार, एबीईओ आरएस सारथी व अन्य विभागीय अधिकारी व स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in